अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 233 | लखनऊ, गुरुवार, 12 मार्च 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## बुकिंग के ढाई दिन के अंदर मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर : केंद्र सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार का कहना है कि देश में कच्चे तेल का आयात बाधित नहीं है और विविध स्त्रोतों से आवश्यकता के अनुरुप आयात सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, घरेलू गैस की सप्लाई कुछ हद तक बाधित होने के कारण सरकार प्राथमिकता के आधार पर सप्लाई सुनिश्चित कर रही है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। वर्तमान में बुकिंग के ढाई दिन के अंदर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। कालाबाजारी रोकने के लिए क्यूआर कोड के जरिए बुकिंग की व्यवस्था की गई है। पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात के बीच ईरान के करीब जलमार्ग होरमुज़ जलडमरूमध्य से जहाजों की




आवाजाही बाधित है। इस कारण इस मार्ग से विभिन्न देशों को होने वाला आयात प्रभावित है, भारत भी इससे अछूता नहीं है। इसे देखते हुए आज सरकार ने स्थिति स्पष्ट करने के लिए राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में विभिन्न मंत्रालयों की ओर से संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि एलपीजी बुकिंग को लेकर लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। देश की वर्तमान में प्राकृतिक गैस की दैनिक खपत लगभग 189 मिलियन मीट्रिक मानक घनमीटर प्रतिदिन है। इसमें से लगभग 97.5 मिलियन मीट्रिक मानक घनमीटर प्रतिदिन का उत्पादन घरेलू स्तर पर होता है और शेष आयात किया जाता है। आयात से लगभग 47.4 मिलियन मीट्रिक मानक घन मीटर की आपूर्ति अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुई है।

### उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल व घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पेट्रोल-डीजल व घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक है। हर जिले में पेट्रोल-डीजल की पूरी उपलब्धता के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि इन उत्पादों की कथित किल्लत की अफवाहें फैलाकर इसकी आड़ में जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल-डीजल व गैस आपूर्ति श्रृंखला पर लगातार नजर रखी जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने का विपक्ष का प्रस्ताव खारिज

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का उन्हें पद से हटाए जाने का प्रस्ताव बुधवार को ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य के बाद विपक्ष के हंगामे के बीच प्रस्ताव पर मत विभाजन हुआ। प्रस्ताव कांग्रेस के सदस्य मोहम्मद जावेद ने पेश किया था। इस दौरान अध्यक्षीय चेयर पर पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल मौजूद थे। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव खारिज होने के बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य के दौरान ही विपक्षी सदस्य सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा करने लगे। इसी बीच प्रस्ताव पर मत विभाजन हुआ और ध्वनि मत से प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने कहा कि



प्रस्ताव अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया था लेकिन कई सदस्यों ने अपने वक्तव्य में उनसे हटकर सरकार की आलोचना की है।

इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के प्रस्ताव की निंदा की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में रहने पर कभी अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव नहीं लाई। उन्होंने कहा कि भले हम अध्यक्ष के मत से असहमत हों लेकिन हमारे लिए वे बाध्यकारी हैं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव कोई सामान्य घटना नहीं है।

## संक्षिप्त

### छत्तीसगढ़ में 108 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

जगदलपुर। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर स्थित लालबाग पुलिस ऑडिटोरियम के शौर्य भवन में बुधवार को 'पूना मारगेम- पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के अंतर्गत आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी से जुड़े कुल 108 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया। माओवादियों ने नागरिकों, परिजनों, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्स. अभि) विवेकानंद, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (बीएसएफ) सिवांग नामग्याल, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी, पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ शालीन, पुलिस महानिरीक्षक छसबल बीएस. ध्रुव, बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के पुलिस अधीक्षकगण, केंद्रीय सुरक्षाबलों तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया।

### उच्चतम न्यायालय ने पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को गाजियाबाद के एक युवक को जीवन रक्षक प्रणाली हटाकर 'पैसिव यूथेनेशिया' (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जो न्यायालय के 2018 के 'कॉमन कॉज' निर्णय (जिसे 2023 में संशोधित किया गया था) पर आधारित है, जिसमें गरिमा के साथ मरने को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गयी थी। हरीश राणा (31 वर्षीय) एक इमारत से गिरने के बाद से पिछले 13 वर्षों से चेतना-शून्य अवस्था में हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी 13 मार्च को जारी करेंगे पीएम किसान योजना की 22वीं किस्त

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 मार्च को गुवाहाटी (असम) से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम?किसान) योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देश के 9.32 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में सीधे 18,640 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि पीएम किसान योजना के तहत 22वीं किस्त के साथ कुल हस्तांतरित राशि 4.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी।

## हर हाल में मई तक पूरा करें मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निर्माण : योगी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मुख्यमंत्री ने बलरामपुर में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का किया स्थलीय निरीक्षण

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे हैं।

इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया और परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का निर्माण हर हाल में मई 2026 तक पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने विश्वविद्यालय परिसर में मौलश्री का पौधा भी रोपा।

इसके बाद उन्होंने विश्वविद्यालय के मॉडल पर तैयार प्रेजेंटेशन देखा और कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कुलपति को निर्देश दिया कि कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की एकेडमिक बिल्डिंग, थियेटर क्लास, लैब सहित विभिन्न निर्माणाधीन हिस्सों का निरीक्षण किया।

## तमिलनाडु में बदलाव की लहर, जनता चाहती है राजग सरकार : मोदी

- प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में किया 5650 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

एजेंसी



तिरुचिरापल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तिरुचिरापल्ली में आयोजित राजग की जनसभा को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में बदलाव की लहर तेज हो रही है और राज्य की जनता डीएमके सरकार को हटाकर ऐसी सरकार चाहती है जो हर परिवार के लिए काम करे, न कि केवल एक परिवार के लिए।प्रधानमंत्री ने कहा कि वह तमिलनाडु के लोगों से निरंतर जुड़े रहते हैं, चाहे राज्य में रैलियां हों, देशभर में व्यक्तिगत मुलाकातें हों या काशी तमिल संगमम जैसे कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता की नब्ज उन्हें साफ दिखाई दे रही है और इस चुनावी मौसम में बदलाव की इच्छा तेज होती जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है। हाल ही में उन्होंने मदुरै में 4400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लिया था, जबकि तिरुचिरापल्ली में लगभग 5600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। इससे पहले करीब 20 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की संस्कृति और वास्तुकला दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करती है। तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल के निर्माण के बाद लोगों ने इसकी आधुनिकता और तमिल संस्कृति की झलक की सराहना की है। उन्होंने घोषणा की कि मदुरै एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय दर्ज़ा दे दिया गया है, जिससे दक्षिण तमिलनाडु को वैश्विक शहरों से सीधी उड़ानों के माध्यम से जोड़ा जा सकेगा।

### प्रधानमंत्री ने कोच्चि में 11 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया

कोच्चि। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोच्चि में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पेट्रोलियम सेक्टर का विस्तार बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोच्चि रिफाइनरी में पॉलीप्रोपाइलीन यूनिट की स्थापना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस यूनिट से हर वर्ष करीब चार लाख टन पॉलीप्रोपाइलीन का उत्पादन होगा, जो पैकेजिंग, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, मेडिकल डिवाइस सहित अनेक उद्योगों को समर्थन देगा।

## शंकराचार्य सनातन धर्म की सुप्रीम कोर्ट : अविमुक्तेश्वरानन्द

- गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर अविमुक्तेश्वरानन्द का लखनऊ में शंखनाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द ने बुधवार को लखनऊ के कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक उपवन में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर शंखनाद किया। उन्होंने सशर्त 24 घंटे पहले अनुमति देने पर कहा



कि शर्त लगाना दैत्यों व दानवों का पुराना तरीका है। शर्त लगाकर आप अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकते।

गाय को 'गौ माता' और 'भारत की राष्ट्रमाता' घोषित करने की मांग को लेकर ''गौरक्षार्थ धर्म युद्ध यात्रा'' पर निकले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द ने लखनऊ में गौ भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह मान्यवर कांशीराम के स्मृति स्थल से नया इतिहास लिखा जा रहा है। अपने आंदोलन को लेकर उन्होंने कहा कि गंगोत्री से गंगा प्रकट हो रही है, आगे जाकर सहस्त्रधारा बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पूरा बल लगा देने के बाद भी बड़ी संख्या में गौभक्त उमड़े है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द ने आरोप लगाया कि पहले हमें काशी में रोकने का प्रयास किया गया। फिर रास्ते में रोकने का प्रयत्न हुआ। फिर शर्त लगाकर 24 घंटे पहले अनुमति दी गयी। शर्तनामा हमारा मार्ग प्रशस्त कर रहा है। शर्त लगाना दैत्यों व दानवों का पुराना तरीका है। शर्त लगाकर सोचते हैं कि बच जाएगा। शर्त लगाकर अपनी जवाबदेही से नहीं बच सकते।

शंकराचार्य ने कहा कि हमें सरकारी संत नहीं चाहिए। हम जनता का कल्याण चाहते हैं। हम लोक के सुख की कामना कर रहे हैं। क्या गऊ व ब्राह्मण को सुखी नहीं होना चाहिए। अन्याय के मार्ग से शासन नहीं किया जा सकता।

क्या वेद पढ़ने वाले बटुक लाठी के योग्य हैं। जो हिम्मत मुगलों ने नहीं की, वह काम इस सरकार में हुआ। धिक्कार है, लजवा दिया अपने कुल खानदान पंथ को इतिहास में काले कलंक के रूप में दर्ज हो गया।

## लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संसदीय परंपराओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण: शाह



एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। करीब चार दशक बाद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, जो संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा के इतिहास के अनुसार सदन की कार्यवाही आपसी विश्वास के आधार पर चलती है। अध्यक्ष एक निष्पक्ष संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं, जो सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसी उद्देश्य से सदन ने नियम बनाए हैं, जिनके आधार पर अध्यक्ष सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। अमित शाह ने कहा कि यह सदन कोई बाजार नहीं है, बल्कि यहां सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार अपनी बात रखें और चर्चा में भाग लें।

## केन्द्र सरकार ने दिया टेलीग्राम को नोटिस, अवैध कंटेंट वाले चैनल 3 घंटे में हटाने के निर्देश

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को नोटिस जारी कर उन चैनलों को हटाने का निर्देश दिया है, जिन पर बिना अनुमति के फिल्मों, वेब सीरीज और ओटीटी प्लेटफॉर्म का कंटेंट साझा किया जा रहा है। बुधवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जारी नोटिस में कहा है कि ऐसे चैनलों पर कॉपीराइट वाले कंटेंट को अवैध रूप से अपलोड और वितरित किया जा रहा है, जो कॉपीराइट एक्ट 1957 का उल्लंघन है।

मंत्रालय के अनुसार यह कार्रवाई सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 79(3)(ब) और आईटी (इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एवं डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम 2021 के तहत की गई है। इन नियमों के मुताबिक यदि किसी सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म को सरकार या उसकी एजेंसी द्वारा किसी अवैध सामग्री की जानकारी दी जाती है, तो उस प्लेटफॉर्म को तुरंत उस सामग्री को हटाना या उस तक पहुंच बंद करना अनिवार्य होता है।

मंत्रालय के अनुसार कुछ टेलीग्राम चैनलों पर ओटीटी प्लेटफॉर्म, कंटेंट मालिकों और निर्माताओं के स्वामित्व वाले कार्यक्रमों को बिना अनुमति के साझा किया जा रहा था। इस तरह की गतिविधियां कॉपीराइट कानून का उल्लंघन होने के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म के नियमों के भी खिलाफ हैं। इसी को देखते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टेलीग्राम को निर्देश दिया है कि नोटिस जारी होने के तीन घंटे के भीतर ऐसे सभी चैनलों और उनसे जुड़े कंटेंट को हटाया या ब्लॉक किया जाए, साथ ही कार्रवाई करते समय डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए।

## अमेरिका-इजराइल पर लगातार होगा हमला: ईरान

एजेंसी

तेहरान/बेरूत। पश्चिम एशिया में 12 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष के बीच ईरान ने चेतावनी दी है कि अब वह केवल जवाबी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अमेरिका, इजराइल और उनके सहयोगियों के खिलाफ लगातार हमले करेगा। इस कारण वैश्विक तेल बाजार पर बड़ा असर पड़ सकता है और तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। ईरान ने मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी और इजराइली बैंकों के साथ-साथ कई अमेरिकी टेक कंपनियों को भी निशाना बनाने की बात कही है।

लेबनान की लेबनानी ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन इंटरनेशनल (एलबीसीआई) और ईरान की




स्थानीय समाचार एजेंसी ने ईरान की राजधानी तेहरान स्थित खातम अल-अनबिया सैन्य कमांन मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम ज़ोल्फ़कारी ने बुधवार को कहा कि हालिया हमलों के बाद ईरान अब केवल ब्जवाबी कार्रवाईङ्क तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अपने दुश्मनों के खिलाफ लगातार हमले करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका तेल की कीमतों को नियंत्रित नहीं कर पाएगा और वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।

प्रवक्ता इब्राहिम ज़ोल्फ़कारी ने कहा

- पश्चिम एशिया में मौत का आंकड़ा 2,100 के करीब पहुँचा, होर्मुज इलाके में तीन जहाजों पर हमले से वैश्विक बाजार में हड़कंप

कि हम अमेरिका, इजराइल और उनके सहयोगियों तक तेल की एक भी बूंद नहीं पहुंचने देंगे। उनसे जुड़े किसी भी जहाज़ या टैंकर को वैध टारगेट माना जाएगा। क्षेत्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित होगा। तेल का बैरल 200 डॉलर पर पहुंचने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि तेल की कीमत उस क्षेत्रीय सुरक्षा पर निर्भर करती है जिसे आपने अस्थिर कर दिया है।

दूसरी ओर ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार मध्य पूर्व में अमेरिकी और इजराइली बैंकों के साथ-साथ कई अमेरिकी टेक कंपनियां भी संभावित निशाने पर हो सकती हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, पैलंटिर, आईबीएम, एनवीडिया और ओरेकल जैसी कंपनियों के दफ्तर और एसेट्स को टारगेट किया जा सकता है।

इन कंपनियों की क्षेत्रीय मौजूदगी इजराइल के अलावा खाड़ी के प्रमुख शहरों दुबई और अबू धाबी में भी बताई जाती है। वहीं, ईरान समर्थक आउटलेट्स ने उन स्थानों की सूची जारी करने का दावा किया है जहां इन कंपनियों के कार्यालय या अन्य संसाधन मौजूद हैं।

# पहले चरण में एक रनवे के साथ संचालित होगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

- सालाना 1.20 करोड़ यात्रियों की क्षमता होगी, पहले चरण में प्रतिदिन औसतन 150 उड़ानें संचालित होंगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तेजी से अपने संचालन की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पहले चरण का करीब 95 प्रतिशत निर्माण कार्य संपन्न हो गया है। शेष कार्य 10 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि पहले चरण में एयरपोर्ट एक रनवे के साथ संचालित होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता एक करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। औसतन प्रतिदिन करीब 150 उड़ानों के संचालन का अनुमान लगाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, जैसे ही यात्रियों की संख्या एक करोड़ को पार करेगी, एयरपोर्ट पर दूसरे रनवे के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दो रनवे के साथ यह एयरपोर्ट करीब सात करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण में लगभग तीन हजार 300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे हिस्से का लोकार्पण किया जाएगा। परियोजना के लिए कुल छह हजार 700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका है, जबकि शेष पांच हजार 100 एकड़ भूमि अगले तीन महीनों में अधिग्रहित किए जाने की योजना है। एयरपोर्ट के लिए भूमि खरीद पर लगभग पांच हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। निर्माण कार्य पर करीब सात हजार करोड़ रुपये की लागत आ रही है। जेवर एयरपोर्ट



को देश के सबसे बड़े और आधुनिक हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की योजना है। परियोजना के पूर्ण होने पर इस एयरपोर्ट पर कुल पांच रनवे होंगे और इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 11 हजार 750 एकड़ तक पहुंच जाएगा। अंतिम रूप से तैयार होने के बाद एयरपोर्ट की वार्षिक यात्री क्षमता 30 करोड़ यात्रियों तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में शामिल हो सकता है। परियोजना के साथ क्षेत्र में व्यापक आर्थिक और औद्योगिक विकास की भी उम्मीद जताई जा रही है। एयरपोर्ट के आसपास लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। प्रदेश सरकार का मानना है कि जेवर एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में उभरेगा। इसके संचालन से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एक नया विकल्प उपलब्ध होगा। विशेषज्ञों के अनुसार जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बढ़ते दबाव को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा। साथ ही यह परियोजना उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश और व्यापार के नक्शे पर और मजबूती से स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## वर्ष प्रतिपदा के दिन राम मंदिर समारोह में राष्ट्रपति मुर्मु, अमृतानंदमयी मां और वीरेन्द्र हेगड़े होंगे शामिल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में 19 मार्च को हो रहे वर्ष प्रतिपदा समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अलावा अमृतानंदमयी मां व भारतीय जैन धर्मस्थल मंदिर के धर्माधिकारी वीरेन्द्र हेगड़े शामिल होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल के गर्भगृह में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी।

वर्ष प्रतिपदा के दिन होने वाले समारोह में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास महाराज, जगद्गुरू शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती, जगद्गुरू मध्वाचार्य विश्वप्रसन्न तीर्थ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान



राष्ट्रपति मुर्मु निमंत्रित जनों को संबोधित भी करेंगी। मंदिर परिसर से राष्ट्रपति के प्रस्थान के बाद निमंत्रित जन राम मंदिर का दर्शन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त व क्षेत्र के पदाधिकारी अयोध्या पहुंच चुके हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ट्रस्ट की ओर से विशिष्ट महानुभाओं को आमंत्रण भेजे जा रहे हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरूवार को अयोध्या पहुंच कर राष्ट्रपति के आगमन से पहले तैयारियों का जायजा लेंगे।

## लोक अदालत: न किसी की जीत न किसी की हार, केवल सम्मान

- नेशनल लोक अदालत 14 को, बिना वकील और कोर्ट फीस के मुकदमा होगा खत्म

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** इस बार साल 2026 की पहली लोक अदालत लगने जा रही है। यदि अदालतों के चक्कर काटकर थक चुके हैं या किसी पुराने कानूनी विवाद से तुरंत छुटकारा पाना चाहते हैं तो 14 मार्च खास मौका है। देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इस मंच पर आपसी सहमति के जरिए लंबे समय से लंबित मामलों को बहुत कम समय में सुलझाने का अवसर मिलता है। यहां कई विवादों का निपटारा मिनटों में कर दिया जाता है, जिससे लोगों को जल्दी न्याय मिलने में मदद मिलती है। लोक अदालत एक ऐसी जगह है जहां न तो किसी की जीत होती है और न ही किसी की हार बल्कि दोनों पक्ष सम्मानजनक समझौते के साथ हाथ मिलाते हैं। अब आप बैंक लोन रिकवरी, बिजली बिल विवाद, चेक बाउंस और छोटे-मोटे सिविल मामलों के लिए यह गोल्डन अवसर है, जहां बिना किसी कानूनी फीस के बोझ हल्का कर सकते हैं। किसी बैंक से लोन लिया है और किश्तें नहीं चुका पा रहे हैं तो ल यहां आकर वन टाइम सेटलमेंट के जरिए अपना खाता बंद करवा सकते हैं। बिजली और पानी से जुड़े पुराने बकाया बिलों या चोरी से संबंधित मामलों में भी इस दिन राहत मिल सकती है। ऐसे मामलों में आपसी सहमति से समझौता कर भारी छूट के साथ भुगतान करने का अवसर दिया जाता है। इससे लोगों को अपने पुराने विवाद और बकाया आसानी से निपटाने में मदद मिलती है। बिजनेस या व्यक्तिगत लेनदेन में फंसे चेक बाउंस के मामलों को यहां सुलझाया जा सकता है।पति पत्नी के बीच के झगड़े तलाक के छोड़कर बाकी विवाद और भरण-पोषण के मामले।छोटे-मोटे आपराधिक मामलों और ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालानों का निपटारा भी यहां आसानी से किया जा सकता है। लोग अपने जुर्माने का भुगतान कर मामला जल्दी समाप्त कर सकते हैं। लोक अदालत का सबसे बड़ा फायदा होता है कि केस पहले से कोर्ट में चल रहा और आप लोक अदालत में समझौता कर लेते हैं, तो आपके द्वारा जमा की गई कोर्ट फीस वापस मिल जाती है।लोक अदालत के फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील नहीं की जा सकती है। इसका सीधा मतलब है कि फैसला अंतिम होगा और केस हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। इसके लिए वकील की जरुरत नहीं होगी, बस खुद ही जज के सामने अपनी बात रख सकते हैं। प्रक्रिया बहुत सरल और अनौपचारिक होती है। कोई मामला अदालत में विचाराधीन है या कोर्ट जाने से पहले ही विवाद को सुलझाना चाहते हैं, तो इसके लिए कुछ आसान स्टेप्स का पालन किया जा सकता है। जिला कानूनी सेवा प्रधिकरण या तहसील कार्यालय में जाकर संपर्क करें। मामले को लोक अदालत की लिस्ट में शामिल करने के लिए एक आवेदन जरुर दें।

## 21वें रमजान में जुलूस निकाला, शियाओं का नंगे पांव मातम

लखनऊ। पुराने लखनऊ से आज 21वें रमजान का जुलूस निकाला गया। नम आंखों के साथ शिया समुदाय के लोग हजरत अली के ताबूत की जियारत किया। ईरान-इजराइल जंग के विरोध में जुलूस के रास्ते में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन सलमान और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीरें सड़क पर चिपकाई गईं। जुलूस में शामिल अकीदतमंद 'या अली मौला' और 'हैदर मौला' के नारे लगाते हुए इन तस्वीरों को पैरों से रौंदते हुए गुजरे। नंगे पांव और काले कपड़े पहने महिला-पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों में ताबूत को छूने और चूमने की होड़ मची हुई है। जुलूस नजफ इमामबाड़ा, सआदतगंज से शुरू होकर कर्बला, तालकटोरा पर समाप्त हुआ। इस दौरान हैदरगंज में परंपरा के मुताबिक कुएं के पास कुछ देर के लिए ताबूत को रोका गया और उस पर काली चादर चढ़ाई गई। करीब 6 किलोमीटर लंबे जुलूस में लगभग 50 हजार लोग शामिल हुए।

## सीएम युवा योजना से बदली वंदना की किस्मत, ऑयल मिल शुरू कर बनीं आत्मनिर्भर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के माध्यम से योगी आदित्यनाथ सरकार युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस योजना का लाभ उठाकर कई महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहीं हैं। ऐसी ही एक मिसाल है यूपी की राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज की वंदना यादव की, जिन्होंने इस योजना के तहत ऋण लेकर अपनी ऑयल मिल स्थापित की और आज अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गईं हैं। सीएम युवा योजना से मिली वित्तीय सहायता, शुरु की ऑयल मिल वंदना यादव बताती हैं कि उन्होंने राज्य सरकार की सीएम युवा योजना के तहत ऋण प्राप्त कर अपने उद्यम की शुरुआत की। उन्हें इस योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता के साथ



आवश्यक मार्गदर्शन भी मिला। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया से ऋण लेकर अपने पति के साथ मिलकर ऑयल मिल की स्थापना की। यहां सरसों के शुद्ध तेल का उत्पादन किया जा रहा है और उन्होंने अपने उत्पाद का एक ब्रांड भी लॉन्च किया है।मोहनलालगंज के गांव मजरा खुजेहटा में वंदना ने ऑयल मिल लगाई और वर्तमान में इससे तैयार सरसों का तेल आसपास के कई गांवों और जिलों में पहुंच रहा है। इस उद्यम के जरिए उन्होंने न केवल खुद को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित किए हैं। उनके इस प्रयास से क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। योगी सरकार की योजनाओं से महिला उद्यमिता को मिल रही नई पहचानमुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 21 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के पहले चरण में पात्र युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण दिया जाता है। समय पर ऋण चुकाने पर दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक के ऋण की व्यवस्था भी की गई है। राज्य सरकार का लक्ष्य हर वर्ष एक लाख नए उद्यमी तैयार करना है।

## विधायक राजेश्वर सिंह ने जन्मदिन पर युवाओं को हेलमेट-लैपटॉप दिया, महिलाओं को सिलाई मशीन

लखनऊ। सरोजिनी नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश्वर सिंह बुधवार को अपना जन्मदिन 'आभार दिवस' के रूप में मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं, छात्रों और महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया। विधायक राजेश्वर सिंह अपने जन्मदिन को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए जनता के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यह आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को हेलमेट वितरित किए किए, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। मेधावी और जरूरतमंद छात्रों को लैपटॉप भी दिए गए, जिससे उन्हें पढ़ाई और तकनीकी शिक्षा में मदद मिल सके। छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधा देने के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई।

## यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने की पीएफ की न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग

- उप्र सरकार के श्रम मंत्री ने केंद्रीय मंत्री से भेंट कर मांगों को पूरा कराने का दिया आश्वासन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि वह शीघ्र ही केंद्रीय श्रम मंत्री से भेंट कर पत्रकारों सहित निजी क्षेत्र के सभी अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को भविष्य निधि संगठन (पीएफ) से मिल रही मासिक 1000 रूपये न्यूनतम



पेंशन को बढ़ाकर 5000 रुपये करने की मांग पर बल देंगे। यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज केंद्रीय श्रम मंत्री को संबोधित संबंधित ज्ञापन भी मंत्री अनिल राजभर को सौंपा । यह प्रस्ताव यूनियन के अयोध्या में आयोजित प्रादेशिक सम्मेलन में पारित किया गया था। प्रतिनिधि मंडल में यूनियन के प्रादेशिक महामंत्री देवराज सिंह, लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिवशरण सिंह, अब्दुल हसनैन ताहिर, अशीष कुमार सिंह शामिल थे। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने बताया 1000 रुपये न्यूनतम पेंशन का निर्धारण करीब डेढ़ दशक पूर्व हुआ था। विभिन्न राज्य सरकारें महिलाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों को हजारों रुपये पेंशन दे रही है, दूसरी ओर जीवन के कई दशक पूर्णकालिक नौकरी में गुजार देने वाले कर्मचारियों को केवल 1000 रूपये पेंशन दिया जाना हास्यापद एवं अन्याय पूर्ण है। मंत्री राजभर ने अश्वासन दिया की वह शीघ्र ही केंद्रिय श्रम मंत्री से भेंट कर यूनियन की मांग न केवल उन तक पहुंचाएंगे बल्कि मांग पूरी करने पर बल भी देंगे।

## ममता बनर्जी के शासन में भ्रष्टाचार में डूबा पश्चिम बंगाल : केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पश्चिम बंगाल में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल पैदा हो गया है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता परिवर्तन की अपेक्षा कर रही है।उप मुख्यमंत्री के कैम्प कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल में विभिन्न योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों में लगातार भ्रष्टाचार के आरोप सामने आ रहे हैं, जिससे आम जनता का विश्वास शासन-प्रशासन से उठता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और जनता ही तय करती है कि राज्य की दिशा और दशा क्या होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पश्चिम बंगाल की जनता आने वाले समय में सुशासन, विकास और पारदर्शिता को प्राथमिकता देगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य देश के हर राज्य में पारदर्शी और जनकल्याणकारी शासन स्थापित करना है, ताकि आम नागरिकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके और भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लग सके।

## पिकअप ब्रिज पर कार में लगी आग, लपटें देखकर डरे राहगीर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित पिकअप ब्रिज पर बुधवार को एक कार में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार लोहिया पार्क से पॉलिटेक्निक चौराहे की ओर जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और कुछ ही देर में उसमें आग लग गई। हादसे के बाद कार सवार लोगों ने तुरंत गाड़ी से उतरकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार से धुआं और आग की ऊंचीं लपटें निकलने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

## राजधानी में गैस सिलेंडर के लिए सुबह से लंबी लाइनें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गैस सिलेंडर की किल्लत बढ़ गई है। आम लोगों से लेकर होटल, ढाबा और कैटरिंग कारोबारियों तक सभी मुश्किल में हैं। गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें लगी हुई हैं। कई लोगों का कहना है कि एक सप्ताह पहले बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने से कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। लोगों का आरोप है कि सिलेंडर 3500 रुपए तक में ब्लैक में बेचे जा रहे हैं। वहीं कमर्शियल सिलेंडर न मिलने के कारण लोग वैकल्पिक इंतजाम करने को मजबूर हैं। कुछ शादी समारोहों में गैस की जगह लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को निर्देश दिए हैं कि गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा है कि प्रदेश में गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को लेकर गलत जानकारी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस मुख्यालय और सभी जिलों की पुलिस को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के आसपास की स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा गया है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि गैस का अवैध भंडारण करने और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुधवार सुबह से ही शहर के अलग-अलग इलाकों में लोग घरेलू गैस सिलेंडर की तलाश में एजेंसियों के चक्कर लगाते नजर आए। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने एक सप्ताह पहले बुकिंग कराई थी, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला है। कुछ एजेंसियों पर सर्वर ठप होने की भी बात सामने आई, जिससे बुकिंग और डिलीवरी की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि उपभोक्ताओं को सिलेंडर देने के लिए ओटीपी और बुकिंग का प्रमाण दिखाना जरूरी है। इंदिरा नगर गैस सर्विस पर पहुंचे श्यामू अवस्थी ने बताया, ्सुबह 6 बजे से लाइन में लगे हैं, लेकिन अभी तक सिलेंडर नहीं मिला है। दोपहर के 12 से 1 बजने वाले हैं, फिर भी नंबर नहीं आ रहा। बताया जा रहा है कि 6 मार्च के बाद से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित हो गई है। इसके चलते होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग कारोबारियों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। कारोबारियों का कहना है कि जो सिलेंडर पहले करीब 2110 रुपये में मिलता था, वह अब मजबूरी में 3500 रुपये तक ब्लैक में खरीदना पड़ रहा है। इससे छोटे होटल, ढाबा संचालकों और कैटरिंग कारोबारियों का बजट बिगड़ गया है। लखनऊ के बीकेटी इलाके में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत देखने को मिल रही है। सिलेंडर वितरण केंद्रों पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट रही है। लोग लंबी-लंबी लाइनों में लगकर गैस सिलेंडर मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

## रेसिपी आधारित पुष्टाहार व्यवस्था लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा उत्तर प्रदेश

- बच्चों और महिलाओं को मिलेगा पौष्टिक आहार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। योगी सरकार ने बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के बेहतर पोषण के लिए बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में अप्रैल से रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। भारत सरकार की गाइडलाइन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लागू की जा रही इस व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। अनुपूरक पुष्टाहार वितरण हेतु चेहरा पहचान प्रणाली (फ़ेस रिकग्निशन सिस्टम) लागू की जाएगी जिसके क्रम में प्रदेश में अनुपूरक पोषाहार का ऑफलाइन वितरण अमान्य कर केवल एफआरएस प्रणाली से ही वितरण मान्य किया गया है। इससे पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। पौष्टिक भोजन से खिलेंगे नौनिहालनई व्यवस्था के तहत प्रदेश में सात श्रेणी के लाभार्थियों को




ध्यान में रखकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से रेसिपी आधारित पुष्टाहार तैयार कर सीधे आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। जिन जिलों या परियोजनाओं में इसकी व्यवस्था नहीं होगी, वहां नैफ़ेड के जरिए आंगनबाड़ी केंद्रों तक आपूर्ति की जाएगी। सरकार ने अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों और महिलाओं के लिए अलग भोजन तय किया है। छह माह से एक वर्ष तक के बच्चों को आटा-बेसन का हलवा (मीठा) दिया जाएगा। एक से तीन वर्ष तक के बच्चों को भी आटा-बेसन हलवा (मीठा) मिलेगा, जबकि तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को आटा-बेसन बर्फी (मीठा) और दलिया-मूंग-सोया खिचड़ी (नमकीन) दी जाएगी। गर्भवती और धात्री महिलाओं को आटा-बेसन-सोया बर्फी और दलिया-मूंग-दाल खिचड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। अतिकुपोषित बच्चों के लिए पौष्टिक आहार का प्रावधान रखा गया है। इसके अंतर्गत 06 माह से 01 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा, 01 वर्ष से 03 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा ्बाल संजीवनी् तथा 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा एवं पौष्टिक दलिया उपलब्ध कराया जाएगा। यह रेसिपी आधारित व्यवस्था बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार ने वायबिलिटी गैप फंड भी मंजूर किया है। प्रदेश में अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति वर्ष 2017 के कॉस्ट नॉर्म्स पर की जा रही है। इसके कारण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के अंतर्गत रेसिपी आधारित पुष्टाहार का उत्पादन करने वाली इकाइयों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा था। लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण टेक होम राशन (टीएचआर) उपलब्ध कराते हुए इसकी गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता न हो, इसे ध्यान में रखते हुए इन इकाइयों को होने वाली संभावित हानि की प्रतिपूर्ति के लिए वायबिलिटी गैप फंड (वीजीएफ) की आवश्यकता पाई गई। राज्य सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि योगी सरकार ने एसआरएलएम के माध्यम से संचालित उत्पादन इकाइयों को वित्तीय सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया है। इससे उत्पादन इकाइयों के संचालन को मजबूती मिलेगी और लाभार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण अनुपूरक पुष्टाहार की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

# विभिन्न मांगों को लेकर मनरेगा कर्मियों ने सभापति को सौंपा ज्ञापन

■ विभागीय अधिकारियों पर शोषण व उत्पीड़न का लगाया आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** विकास खंड कछौना के मनरेगा कर्मियों ने मनरेगा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सभापति को सौंप कर समस्याओं के समाधान की अति शीघ्र मांग की! इस दौरान मनरेगा कर्मियों ने कहा कि उनकी कई महत्वपूर्ण मांगे काफी लंबे समय से लंबित पड़ी है जिससे उन्हें कार्य करने में अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है! माँगें पूरी न होने पर कार्य बहिष्कार क़ी भी चेतावनी दी!

बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की याचिका समिति के सभापति अशोक अग्रवाल को ज्ञापन देने पहुंचे मनरेगा महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की शिथिलता के कारण उन्हें जुलाई 2025 से मानदेय नहीं मिला है और साथ ही लम्बे समय से ईपीएफ भी बकाया है! कर्मियों के परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं! होली दीपावली जैसे त्यौहार भी फीके रहते हैं! पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में अनेक प्रकार की समस्याएं आ रही हैं! वहीं रोजगार सेवकों व तकनीकी सहायकों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं घट रही हैं! इन विषम परिस्थितियों में भी हम सभी कर्मी विभागीय कार्यों में लक्ष्यपूर्ण करते है! एसआईआर और क्राप सर्वे जैसे कार्यों में भी अपना योगदान करते हैं! संगठन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा पूर्व में आयुक्त रोजगार गारंटी ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश से भी मिलकर समस्या समाधान की मांग की गई लेकिन अधिकारियों क़ी उदासीनता के चलते समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया! उन्होंने बताया कि यदि हमारी मांगों को अतिशीघ्र नहीं पूरा किया जाता है तो हम चरणबद्ध तरीके से विरोध के लिए विवश होंगे! जिसमें काली पट्टी बांधना, कार्य बहिष्कार, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन व जनता दरबार में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री को यथास्थित से अवगत कराना आदि तारीकों से विरोध किया जायेगा! इस अवसर पर मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश क़ी कछौना इकाई के प्रतिनिधि मंडल में संगठन के अध्यक्ष रंजीत गुप्ता महामंत्री प्रवेश कुमार शुक्ला उपाध्यक्ष सुनील पाल कोषाध्यक्ष महेश चंद्रपाल सुधीर सिंह प्रदीप मंसाराम शर्मा दीपक राजेंद्र मौर्य सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे!


सभापति अशोक अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

# आंगनबाड़ी केन्दों के शौचालयों को विशेष रूप से साफ-सुथरा रखें: सीडीओ

■ अति कुपोषित बच्चों को चिकित्सों की देखरेख में तत्काल एनआरसी पर भर्ती करायें: सान्या

■ निर्धारित समय सीमा में सभी पात्र महिलाओं एवं बच्चों में पोषाहार वितरण करायें: सीडीओ



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिला पोषण समिति के तहत जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं एवं कुपोषित बच्चों के कार्यो सम्बन्धी समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की गयी। उन्होने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केन्दों के शौचालयों को विशेष रूप से साफ-सुथरा रखें और नियमित आंगनबाड़ी केन्दों का निरीक्षण करें और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यो की समीक्षा करें तथा कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

बैठक में लक्ष्य के अनुरूप ब्लाक कोथावा, कछौना, हरपालपुर, टड़ियावा व भरखनी की सीडीपीओ द्वारा अति कुपोषित बच्चों भर्ती न कराने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि अति कुपोषित बच्चों को चिकित्सों की देखरेख में तत्काल एनआरसी पर भर्ती करायें और लक्ष्य के तहत अधिक से अधिक बच्चों को ग्रीन श्रेणी में लाये तथा निर्धारित समय सीमा में सभी पात्र महिलाओं एवं बच्चों में पोषाहार वितरण करायें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं सीडीपीओ आदि उपस्थित रहे।

## सीबीआई के जाल में फंसे पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष, महिला ने लगाया रिश्वतखोरी का आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** रिश्वत लेने के आरोप में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व जिला अध्यक्ष को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एंटी करप्शन ब्रांच ने हिरासत में लिया है! आरोप है कि उन्होंने सरकारी योजना के तहत बैंक से ऋण दिलाने के नाम पर एक महिला से हजारों रुपए की घूस ली! पीड़िता की शिकायत पर सीबीआई ने जाल बिछाकर कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार किया!

प्राप्त जानकारी के अनुसार बघौली थाना क्षेत्र की अछरामऊ गांव निवासिनी सीमा ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत रूपये 5 लाख का लोन पास करने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा में आवेदन किया था! आरोप है कि ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर कछौना थाना क्षेत्र निवासी व बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश चंद चौधरी ने महिला से रूपये 50 हजार की रिश्वत ली और आगे की मांग कर रहे थे! बसपा नेता बैंक ऑफ़बड़ौदा के बीसी पॉइंट के संचालक भी हैं! अपने को ठगता देख पीड़िता ने इसकी शिकायत सीबीआई से की! महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीबीआई ने योजना बनाकर विकास खंड कछौना के मुसलमानाबाद में पार्टी की बैठक कर रहे बसपा नेता सुरेश चंद्र चौधरी व उनके एक साथी को हिरासत में लेकर रेलवे स्टेशन बालामऊ के रनिंग रूम संख्या 03 में ले आई! जहां लगभग छः घंटे तक पूछताछ की गई पूछताछ के समय रनिंग रूम में पीड़िता भी उपस्थित रही और अपने बयानों पर अड़ी रही! कड़ी व लंबी पूछताछ के बाद देर रात सीबीआई टीम बसपा नेता को अपने साथ लखनऊ ले गई! हालाकि उनके साथी को छोड़ दिया गया! टीम अपने साथ सभी संबंधित अभिलेख व अन्य संदिग्ध सामग्री ले गई है! सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि बसपा नेता की गिरफ्तारी रिश्वत के आरोप में हुई है साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं पूछताछ के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी! इसके साथ ही साथ पता लगाया जा रहा है कि इस मामले में और कौन.कौन लोग शामिल हैं तथा यह कहीं बड़े नेटवर्क का हिस्सा तो नहीं घ् पूछताछ और जाँच के बाद जरूरत पड़ने पर अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं! वही अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन करते हुए बसपा नेता ने बताया कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है!

इस कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा तेज हो गई है! स्थानीय लोग भ्रष्टाचार के खिलाफहुई इस कार्यवाही को महत्वपूर्ण मान रहे हैं इसके साथ ही बैंक की सुचिता पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं! लोगों का कहना है कि बैंक अधिकारियों की मिलीभगत के बिना ऐसे रिश्वतखोरी के रैकेट को चलाना संभव नहीं है!


रिश्वत के आरोपी पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र चौधरी

## जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 67 शिकायतें

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 67 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### 13 मार्च को जनसुनवाई करेगी महिला आयोग की सदस्या

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्या एकता सिह द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओ को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से 13 मार्च को जनपद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (निरीक्षण भवन) में प्रात: 10 बजे से महिलाओं की समस्याएं की जनसुनवाई करेगीं। उन्होने कहा है कि जनपद की कोई भी महिला जो किसी हिंसा से पीड़ित है वह अपना प्रार्थना पत्र देकर जनसुनवाई में उपस्थित होकर दे सकती है।

### 15 मार्च को होगा कायस्थ समाज का होली मिलन समारोह

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** होली के पावन पर्व पर श्री कायस्थ समाजए हरदोई की ओर से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन एवं स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 मार्च 2026 को शाम 4 बजे से डिवाइन इन बैंकेट हॉल, छोटा चौराहा, हरदोई में आयोजित होगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि रंगों का यह पर्व आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर समाज के सभी लोगों को एक साथ मिलकर होली का उत्सव मनाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत चित्रगुप्त वंदना और दीप प्रज्वलन से होगी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम और गायन प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में अबीर-गुलाल तिलक के साथ होली मिलन किया जाएगा और अंत में सभी अतिथियों के लिए स्नेह भोज ;प्रीति भोजद्ध की व्यवस्था रहेगी। श्री कायस्थ समाज, हरदोई के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव और महामंत्री धीरज अस्थाना सहित समस्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### यज्ञशाला से भारी कीमती घंटा चोरी, इलाके में चर्चा का बिषय

**सुरसा ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुरा कला स्थित यज्ञशाला में बीती रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए यज्ञशाला में लगा सबसे बड़ा घंटा चोरी कर लिया। हैरानी की बात यह है कि यह घटना पुलिस सहायता केंद्र से महज कुछ ही कदम की दूरी पर हुईए जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। इससे पूर्व तुसौरा गांव स्थित बाबा तुरंत नाथ मंदिर में भी चोरों ने घंटे चुराए थे। बताया जा रहा है कि महुरा कला स्थित यज्ञशाला में वर्षों से लगा भारी-भरकम घंटा देर रात अज्ञात चोर खोलकर ले गए। सुबह जब स्थानीय लोग यज्ञशाला पहुंचे तो घंटा गायब देख हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सुरसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस सहायता केंद्र के इतने करीब इस तरह की चोरी होना बेहद चिंताजनक है। लोगों ने जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर घंटा बरामद करने की मांग की है। हालांकि इससे कुछ माह पूर्व पास के ही तुसौरा गांव में प्राचीन बाबा तुरंत नाथ मंदिर में भी बड़ा घंटा चोरी हुआ थाए जिसे पुलिस ने अपनी जाँच में छोटी घंटिया दर्शाकर घटना पर पर्दा डाल दिया था।

### खेत में मवेशी चराने को लेकर बढ़ा विवाद, विरोध करने पर किसान से मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र में खेत में मवेशी चराने को लेकर हुए विवाद में किसान के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साधौपुरवा मजरा बाबटमऊ निवासी राजेश कुमार पुत्र टीकाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका खेत गंगा नदी के किनारे स्थित है। आरोप है कि कन्नौज जनपद के कासिमपुर गांव निवासी सुन्दर पुत्र लाला अक्सर अपने गाय-भैंस उसके खेत में छोड़कर चरवा देते थे। पीड़ित के अनुसार 10 मार्च 2026 को सुबह करीब 9 बजे जब उसने इसका विरोध किया तो सुन्दर, उसका पुत्र सरवन, दीपू पुत्र विनोद और दयाराम पुत्र लालाराम निवासीगण ग्राम कासिमपुर व जिला कन्नौज वहां आ गए। आरोप है कि चारों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में राजेश कुमार को चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली मल्लावां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन ने महिला को मारी टक्कर, हुई मौत

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना सवायजपुर के ग्राम संराय राघव निवासी रामदुलारी पत्नी मोहन बुधवार की सुबह हरपालपुर में अपनी बहन वेदवती के घर होली मिलने आई थीं। दोपहर को वापस घर जाने के लिए वह उन्नाव-कटरा हाईवे पर बैरियर तिराहे के पास स्थित अपनी बहन के घर दरवाजे पर ही वाहन के इंतजार में खड़ी थीं। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे तीन पुत्र व दो पुत्रियां छोड़ गई हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## हवा हवाई साबित हो रहे हैं जिला प्रशासन के दावे, घरेलू गैस सिलेंडर के लिए लगी लम्बी-लम्बी कतारें


8 घंटे से सिलेंडर मिलने का इंतजार कर रहे उपभोक्ता फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** ईरान इजरायल युद्ध का असर घरेलू गैस पर साफरूप से दिखाई देने लगा है। इंडेन गैस एजेंसी पर बुधवार को सुबह ०5:00 बजे से दोपहर ०1:00 तक लंबी.लंबी कतारें देखी गई। उपभोक्ताओं में आक्रोश नजर आया लेकिन गैस एजेंसी का कोई भी जिम्मेदार गोदाम के आसपास दिखाई नहीं दिया। अधिकारी पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। ईरान इजरायल युद्ध के बाद घरेलू गैस की किल्लत बढ़ने लगी है। आने वाली ईद को लेकर लोगों को सिलेंडर की खास जरूरत है लेकिन पर्याप्त मात्रा में गैस न आने की वजह से लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अधिकारी कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं। इधर ईरान इजरायल युद्ध की वजह से गैस का संकट उत्पन्न होने की संभावना को लेकर शहर वासियों ने डीबीसी को भी रिफ्लि कराना शुरू कर दिया है। गैस की आवक कम होने और डिमांड ज्यादा होने की वजह से संकट उत्पन्न होता जा रहा है। बुधवार को सुबह ०5:00 से पाली रोड स्थित इंडियन गैस सर्विस के गोदाम पर महिलाओं, पुरुषों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। उपभोक्ता पूरी तरह से त्रस्त हो गए। एक उपभोक्ता नहाने धोने और नाश्ता करने के लिए घर चला गया तो दूसरा सिलेंडर के पास लाइन लगाकर बैठ रहा, यह स्थिति देखने में सामने आई है। दोपहर ०1:00 बजे यानि आठ घंटे बीत जाने के बाद भी लोगों को सिलेंडर प्राप्त नहीं हो सके। हमारे दर्शक और पाठक यह जो तस्वीर देख रहे हैं यह तस्वीर पाली रोड स्थित इंडियन गैस एजेंसी की है। ईरान इजरायल युद्ध से पेट्रोलियम पर संकट आने की खबर पाकर लोग सिलेंडर स्टोर करना चाहते हैं। आवक कम होने और डिमांड ज्यादा बढ़ाने की वजह से संकट खड़ा हुआ, इसके अतिरिक्त आपदा में अवसर ढूंढ कर हमेशा कालाबाजारी भी शुरू हो जाती है। तमाम उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि असरदार और ज्यादा पैसे देने वाले लोगों को सिलेंडर प्राप्त हो रहा है और उनको 8 घंटे लाइन में लगना पड़ रहा है । पूर्ति निरीक्षक की ओर से कोई भी जवाब नहीं दिया जा रहा है। एजेंसी पर मैनेजर या उनके कोई भी कर्मचारी दिखाई नहीं दिए। उपभोक्ता बुकिंग करने के लिए उनका नंबर मिलाते हैं तो नंबर स्विच ऑफ बता रहा है। यानि कोई भी जिम्मेदार एजेंसी पर यह बताने के लिए नहीं है कि गैस कब पहुंचेगी। फिलहाल गैस का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि जिलाधिकारी अनुनय झा लगातार यह कह रहे हैं कि सिलेंडर और पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं है अगर किसी ने भी अफवाह फैलाई तो उसके खिलाफ रुक कार्रवाई की जाएगी। लेकिन यह लंबी.लंबी कतारें स्पष्ट रूप से बता रही हैं कि गैस की भयंकर की किल्लत हो चुकी है।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न मंडलों में आयोजित हो रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा बैठक जिला भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रशिक्षण वर्गों की प्रगति, कार्यकर्ताओं की भागीदारी तथा आगामी सत्रों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति तथा संगठनात्मक दायित्वों के प्रति और अधिक सशक्त एवं जागरूक बनाना है।

जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह प्रशिक्षण अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं बल्कि समाज सेवा के लिए समर्पित कर्मयोगी होता है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन के इतिहास, विचारधारा और जनसेवा के संस्कारों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में मंडलों में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों की व्यवस्थाओं, विषय विशेषज्ञों के सत्र, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति तथा कार्यक्रम की प्रभावशीलता पर भी समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष ने सभी मंडल पदाधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण वर्गों को पूरी गंभीरता और अनुशासन के साथ सफल बनाया जाए ताकि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति और कार्यपद्धति को भलीभांति समझ सके। बैठक में प्रमुख रूप से महामंत्री एवं अभियान संयोजक अनुराग मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू, प्रीतेश दीक्षित, पूर्व उपाध्यक्ष आजाद भदौरिया, मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, आईटी संयोजक सौरभ सिंह गौर, अभियान टोली सदस्य अनुराधा मिश्रा, सनी दीक्षित, ऋषभ त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## चार्ज लेते ही अपराध के प्रति सख्त दिखे कोतवाल


मारकंण्डेय सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कोथावाँ ( हरदोई )।** बेनीगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सरोज के निलंबन पश्चात रिक्त कोतवाली बेनीगंज का चार्ज मारकंण्डेय सिंह ने संभाला चार्ज। चार्ज लेते ही एक्शन में दिखे कोतवाल। कहा हर गरीब असहाय पीड़ित व्यक्ति की मदत करना मेरी प्राथमिकता। अपराधी कोई भी हो मेरी पकड़ से दूर नहीं जा पाएगा। अपराधी अपराध करना छोड़ दें। कहा इस कोतवाली से क्षेत्र के हर गरीब असहाय को मिलेगा न्याय।

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मंझिला थाना क्षेत्र के एकगांव से 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। ढूढने का काफी प्रयास किया गया परंतु कोई पता नहीं चल सका। गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता के अनुसार उसकी 17 वर्षीय पुत्री 8 मार्च को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। सभी नाते रिश्तेदारों और उसकी सहेलियों के घर ढूंढने का प्रयास किया गया परंतु कोई पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक मंझिला सत्येंद्र कुमार ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### मधुमक्खियों के हमले से दो चचेरे भाई हुई घायल

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अरवल थाना क्षेत्र के चंदा महमदपुर गांव में बुधवार दोपहर मधुमक्खियों के हमले में दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए है। जानकारी के अनुसार, 16 वर्षीय विशाल और 7 वर्षीय शिवम अपने खेत में खड़ी गेहूं की फसल देखने जा रहे थे। रास्ते में एक नीम के पेड़ पर बैठी मधुमक्खियां अचानक उग्र हो गईं और दोनों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के काटने से दोनों बच्चे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को गंभीर हालत में हरपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया हैं।

### पीछे से घर में घुसे चोर, जेवर और रुपये से भरा बक्सा ले गए, एफआईआर दर्ज

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के बाबटमऊ मजरा भूड़ मडैया गांव में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर पीछे की ओर से घर में घुसकर जेवर और नगदी से भरा बक्सा उठा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफएफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भूड़ मडैया मजरा बाबटमऊ निवासी शिवराज पुत्र रूपलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मकान की छत नहीं पड़ी है और दीवारों पर छप्पर पड़ा हुआ है। आरोप है कि 1 मार्च 2026 की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर के पीछे से प्रवेश कर कमरे में रखा बक्सा उठा लिया। बताया गया है कि बक्से में जेवरात के साथ भैंस बेचकर रखे गए नगद रुपये भी थे। बाद में गांव से कुछ दूरी पर जंगल में बक्सा टूटा हुआ पड़ा मिला, जबकि उसमें रखा सामान गायब था। मामले की सूचना मिलने के बाद कोतवाली मल्लावां पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर चोरों की तलाश की जा रही है।



## पिहानी में पान मसाला तय कीमत से महंगा बिक रहा बड़े डीलरों का हवाला देकर

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पिहानी ( हरदोई )।** विकासखंड कस्बा पिहानी में पान मसाला निर्धारित मूल्य से अधिक दामों पर बेचे जाने का मामला सामने आया है। पिहानी चुंगी क्षेत्र के कुछ दुकानदार उपभोक्ताओं से मनमाने ढंग से अधिक कीमत वसूल रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, 'किशोर' पान मसाला, जिसकी कीमत लगभग रूपये 2.50 प्रति पाउच है, उसे कई दुकानों पर रूपये 5 में बेचा जा रहा है। इसी तरहए 'कमला' पान मसाला, जिसका निर्धारित मूल्य रूपये 5 प्रति पाउच है, उसे भी कुछ दुकानदार रूपये 7 या उससे अधिक में बेच रहे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि उन्हें बड़े डीलरों से माल महंगे दाम पर मिल रहा है, जिसके कारण वे भी अधिक कीमत पर बेचने को मजबूर हैं। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों की कई दुकानों पर यही पान मसाला निर्धारित मूल्य पर ही उपलब्ध है, जिससे कस्बे के उपभोक्ताओं में नाराजगी है। सूत्रों के मुताबिक, इस संबंध में पिहानी कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र भी दिया गया है। पुलिस ने बताया है कि संबंधित विभाग के संज्ञान में आने के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई संभव होगी।

जानकारों के अनुसार, निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने के मामलों में विधिक माप विज्ञान विभाग कार्रवाई करने के लिए अधिकृत है। इसके अतिरिक्तए खाद्य सुरक्षा विभाग और जिला प्रशासन भी मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पिहानी चुंगी क्षेत्र में हो रही इस ओवररेटिंग की जांच की जाए। उन्होंने दोषी दुकानदारों और संबंधित डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और उन्हें निर्धारित मूल्य पर ही सामान उपलब्ध हो।



### खड़ी ट्राली से टकराकर बाइक सवार घायल

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क्षेत्र के कछौना गौहानी मार्ग पर ज्ञानपुर गाँव के पास सड़क किनारे खड़ी ट्राली से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया! जिसे स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना भेजा गया! प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार शाम फैसल अली पुत्र सफदर अली निवासी कामीपुर कछौना से घर वापस लौट रहा था तभी ज्ञानपुर के पास सड़क के किनारे खड़ी ट्राली में अनियंत्रित बाइक घुस गई! जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों द्वारा एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना भेजा गया! जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालात को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया! स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित डॉक्टरों ने बताया कि घटना का कारण नशा व तेज रफ्तार है!


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै विनीत सिंह उर्फ कृष्णा पुत्र श्री हरिहर सिंह, पताः- ग्राम मरेगना, पोस्ट-अमोरा, थाना कांठ, जनपद-शाहजहाँपुर (स्थायी पता) एवं वर्तमान पता- ग्राम सरईया साधोसराय थाना जलालाबाद, जनपद-शाहजहाँपुर का निवासी हूँ। अपने सगे साले करमवीर पुत्र राकेश, करमवीर की पत्नी और करमवीर के भांजे नन्ही सर्वनिवासीगण ग्राम सरईया साधोसराय थाना जलालाबाद, जनपद-शाहजहाँपुर से विगत 5 वर्षो से उनके गलत आचरण, चाल-चलन व वित्तीय गतिविधियों और गैर कानूनी कृत्यो के चलते किसी भी प्रकार का कोई भी परोक्ष व अपरोक्ष सम्बन्ध व सरोकार नहीं है। मै अपने पूरे होशो हवास में अपने साले करमवीर और अपनी सरहज व साले करमवीर के भांजे नन्हीं से बिना किसी जोर जबरदस्ती के समस्त सम्बन्धों को विच्छेद कर रहा हूँ। अब भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, वित्तीय लेनदेन और गलत चाल-चलन से मेरा व मेरी धर्मपत्नी रचना व बच्चो का कोई लेना-देना नहीं होगा, वह स्वयं ही जिम्मेदार होंगे।

# संसद के दूसरे चरण में सरकार की मुश्किल

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरु हुआ और पहले दिन ही मोदी सरकार विपक्ष के सवालों से बुरी तरह घिर गई। इस बात का अनुमान पहले से था कि सत्र के पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी सरकार को कठिन सवालों का सामना करना पड़ेगा और यह अंदाज भी था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर खुद सामने न आकर अपने मंत्रियों को आगे करेंगे। ऐसा ही हुआ भी। सोमवार को संसद के दोनों सदनों में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान में चल रहे युद्ध और इस वजह से मध्यपूर्व में आए अभूतपूर्व संकट पर बयान दिए। लेकिन इस बयान में एक चयनित रूझान दिखा। सरकार ने केवल उन्हीं मुद्दों पर अपनी बात रखी, जिसमें उसे सुविधा हो, और असुविधाजनक बातों को बड़ी चतुराई से किनारे कर दिया गया। जैसे हजारों बरसों से जिस ईरान के साथ भारत के संबंध रहे हैं, उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर संवेदना का एक लफ्ज सरकार ने सदन में नहीं कहा, हालांकि खामेनेई की मौत के छह दिन बाद जाकर विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास में शोक संदेश लिखा। ईरान पर हमले की निंदा भारत सरकार ने नहीं की। हिंद महासागर में जिस ईरानी युद्धपोत पर हमला कर अमेरिका ने सौ से ज्यादा नौसैनिकों की जान ले ली, उस पर भी भारत सरकार ने ऐतराज नहीं जताया, जबकि ये नौसैनिक भारत के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास से लौट रहे थे। अमेरिका और इजरायल ने भारतीय मेहमानों की जान ली और मोदी सरकार इस पर भी चुप रही, इससे ज्यादा शर्मनाक बात नहीं हो सकती। कायदे से सरकार को ईरान युद्ध और उसके प्रभाव की पूरी तस्वीर संसद में पेश करनी चाहिए थी, लेकिन सरकार ने आधी-अधूरी बात की और उस पर तुर्रा यह कि विपक्ष सवाल पूछे तो उसे गैरजिम्मेदाराना कहा जाए। बता दें कि विपक्ष ने सोमवार को संसद के दोनों सदनों में युद्ध और उसके समेकित प्रभाव से जुड़े सवाल सरकार से पूछने की मांग की, मगर इस मांग को लगातार नकारा गया, नतीजा यह हुआ कि राज्यसभा से विपक्ष ने बहिर्गमन किया। इसके लिए भी सरकार ने विपक्ष को ही दोषी ठहराया। इससे पहले जब राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी बात रखी तो सत्ता पक्ष की तरफ से लगातार हल्ला किया गया। हालांकि फिर भी खड़गे जी ने मांग रखी कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर उभरती चुनौतियों पर अल्पकालिक चर्चा हो। उन्होंने कहा, श्यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं हैय इसने अब भारत की ऊर्जा सुरक्षा और देश की छवि को प्रभावित किया है। इस संघर्ष के परिणाम हमारी आर्थिक स्थिरता पर भी असर डालेंगे। उन्होंने खाना बनाने के गैस की कीमतों में वृद्धि, ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और देश की अंतरराष्ट्रीय छवि पर प्रभाव का जिक्र किया। यही बातें लोकसभा में भी विपक्ष उठाना चाह रहा था लेकिन उसे अनुमति नहीं मिली। जबकि यह हकीकत है कि ईरान पर इजरायल और अमेरिका का हमला और उस पर ईरान के पलटवार का खामियाजा केवल खाड़ी देश ही नहीं भारत भी उठा रहा है। इस इलाके में कम से कम एक करोड़ भारतीय रहते हैं, जिसमें अभी 67 हजार ही वापस आए हैं। बेशक भारत सरकार ने इनके लिए एडवायजरी जारी की है और इन्हें सुरक्षित मार्ग से वापस लाने पर मंथन हो रहा है। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि उन्हें पहले से क्यों नहीं निकाला जा सका। क्यों हमारी खुफिया एजेंसियों को यह भनक नहीं लगी कि इजरायल और अमेरिका ऐसा कोई हमला बोलने जा रहे हैं। यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि ईरान पर हमले से केवल दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री मोदी इजरायल में थे। ऐसे में खुफिया एजेंसियों को और सतर्क होकर काम करना चाहिए था। लेकिन पुलवामा और पहलगाम की तरह यह भी बड़ी खुफिया नाकामी है। भारत के लिए परेशानी की बात यह भी है कि ईरान युद्ध के बाद वैश्विक स्तर पर ईंधन का जो संकट खड़ा हुआ है, उससे सरकार कैसे निपटेगी, इसका जवाब भी नहीं दिया जा रहा है। सोमवार को ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें एक ही दिन में 25 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 115-118 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं। इसे हाल के वर्षों में सबसे बड़ी दैनिक बढ़ोतरी में से एक माना जा रहा है।

> **सोमवार को संसद के दोनों सदनों में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान में चल रहे युद्ध और इस वजह से मध्यपूर्व में आए अभूतपूर्व संकट पर बयान दिए। लेकिन इस बयान में एक चयनित रुझान दिखा। सरकार ने केवल उन्हीं मुद्दों पर अपनी बात रखी, जिसमें उसे सुविधा हो, और असुविधाजनक बातों को बड़ी चतुराई से किनारे कर दिया गया। जैसे हजारों बरसों से जिस ईरान के साथ भारत के संबंध रहे हैं, उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर संवेदना का एक लफ्ज सरकार ने सदन में नहीं कहा, हालांकि खामेनेई की मौत के छह दिन बाद जाकर विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास में शोक संदेश लिखा।**

# दिल्ली की राजनीति में आए तूफान का मतलब

शराब घोटाले की आंच से झुलसी आम आदमी पार्टी (आआपा) को निचली अदालत से मिली राहत स्थाई नहीं दिख रही है। सीबीआई की याचिका पर हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी लोगों को जवाब देने के लिए नोटिस दिया है। दस साल से ज्यादा दिल्ली की सत्ता में रही आआपा पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा से पराजित होकर सत्ता से बाहर हो गई। एक तो चुनाव में आआपा पराजित हुई, दूसरा चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बना-शराब घोटाला। अपने को कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली आआपा और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में पराजित हुए। इसके चलते दिल्ली में मुख्य विपक्षी पार्टी होने के बावजूद आआपा हाशिए पर जाती दिखती थी। पंजाब में सरकार होने के बावजूद आआपा नेताओं में पहले वाले तेवर नहीं दिख रहे थे। लेकिन 27 फरवरी को दिल्ली की राउज एवेन्यू विशेष न्यायालय के न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह की अदालत ने साफ कहा किया शराब घोटाले के आरोपों को साबित करने के लिए ठोस साक्ष्य नहीं दिए गए हैं। अदालत ने सभी आरोपियों को न केवल आरोप मुक्त किया बल्कि सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दिया।इसे आधार बनाकर केजरीवाल और आआपा ने दिल्ली में हंगामा खड़ा कर हारी हुई बाजी पलटने की कोशिश की। वे सालों बाद वापस जंतर-मंतर गए जहां से उनकी राजनीति शुरू हुई थी। जिन दावों के बल पर आआपा दिल्ली जीती और देशभर में राजनीति कर अखिल भारतीय पार्टी बनी, उसी बुनियाद पर नया महल बनाने की प्रयास करने लगी। आआपा की राजनीति की यूएसपी (मूल तत्व) ही अपने को कट्टर ईमानदार साबित करने और सरकारी धन से मुफ्त की रेवड़ियां बांटना था। वैसे तो 49 दिन की पहली अल्पमत सरकार के जाने के बाद 2015 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनते ही आआपा नेताओं का चाल, चरित्र और चेहरा सामने आने लगा लेकिन प्रचंड बहुमत की दूसरी सरकार में खुलकर भ्रष्टाचार दिखने लगा। शराब घोटाले ने उसे उजागर कर दिया। किसी भी राज्य सरकार का अधिकार है कि वह आबकारी (शराब) नीति बनाए लेकिन खुद बना कर और हड़बड़ी में वापस लेकर इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सबूत दे दिए। 17 नवंबर, 2021 को नई शराब नीति लागू की गई। इसके तहत 32 जोन बनाए गए। हर जोन में अधिकतम 27 दुकानें खुलनी थी। पहले 60 फीसदी दुकान सरकारी और 40 फीसदी निजी होती थी। इस बार 3500 करोड़ लाभ होने के नाम पर सभी दुकानें निजी कारोबारी को दी गई। जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने के आरोप लगने पर आनन-फानन में 30 जुलाई, 2022 को नई आबकारी नीति को वापस लेकर पुरानी को बहाल कर दी गई। आरोप है कि इससे निजी कारोबारियों को करोड़ों का फायदा हुआ और सरकार के राजस्व का सीएजी के मुताबिक करीब दो हजार (2002.68) करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसमें सौ करोड़ रुपए की रिश्वत का आरोप है। शराब नीति में भ्रष्टाचार होने की शिकायत मिलने पर 8 जुलाई, 2022 को मुख्य सचिव ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अपनी रिपोर्ट दी। 22 जुलाई, 2022 को नियमों के उल्लंघन पर सीबीआई जांच की सिफारिश की। 19 अगस्त को सीबीआई ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत तीन लोगों के घरों पर छापे मारे। 22 अगस्त, 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति पर मनीलांड्रिंग का मामला दर्ज किया। सितंबर, 2022 में सीबीआई ने आआपा के संचार प्रमुख विजय नायर को गिरफ्तार किया। मार्च, 2023 में मनीष सिसोदिया और अक्तूबर में सांसद संजय सिंह को ईडी ने गिरफ्तार किया। तभी केजरीवाल को ईडी ने पहला सम्मन भेजा। 16 मार्च, 2023 को भारत राष्ट्र समिति की नेता कविता गिरफ्तार हुईं। नौवीं बार सम्मन पर न आने के बाद 21 मार्च को ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया। 10 मई, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी। 02 जून, 2024 को उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। 13 सितंबर, 2024 को उन्हें जमानत मिली। वे 156 दिन और सिसोदिया 530 दिन जेल में रहे। 27 फरवरी को निचली अदालत ने केजरीवाल समेत सभी को आरोप मुक्त कर दिया। हाई कोर्ट ने इसके खिलाफ सीबीआई की अर्जी पर सुनवाई शुरु कर दी है। कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वायदे ने आआपा को साल 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनैतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। साल 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। साल 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले। 117 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस को 77 सीटें और आआपा को 20 सीटें मिलीं। इस बार आआपा ने शानदार जीत दर्ज की। उसे न केवल 92 सीटें मिली और उसकी दिल्ली से बाहर सरकार बनी। गुजरात और गोवा में चुनाव लड़कर आआपा अखिल भारतीय पार्टी बन गई। सत्ता ने उन्हें आम आदमी से खास बना दिया। नेता अरविंद केजरीवाल अपने पुराने वायदे ही नहीं भूले, आम नेताओं से आगे निकल कर सरकारी कोठी को भव्य कोठी (विपक्षी दल शीशमहल कहते हैं) बनाकर रहने लगे। दिल्ली सचिवालय के अपने आधुनिक कार्यालय में भी उन्होंने करोड़ों रुपए खर्च करके काफी बदलाव कर उसे भी आलीशान बनवाया। उन्होंने जंतर-मंतर, रामलीला मैदान कौन कहे लोगों के बीच जाना छोड़ ही दिया। सुरक्षा के भारी तामझाम के कारण लोगों से उनकी दूरी बढ़ी और जिस वीआईपी कल्चर का विरोध कर वे राजनीति में आए, उसी कल्चर के प्रतीक बन गए। कट्टर ईमानदार राजनीति का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी के शराब घोटाले आदि भ्रष्टाचार में फंसने के बाद उन्हें उस जंतर-मंतर की याद आई, जहां से उन्होंने अपने राजनीतिक गुरु अण्णा हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया था। साल 2024 का लोकसभा चुनाव और 2025 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने अपने को प्रताड़ित करने का मुद्दा बनाने की असफल कोशिश की। 70 सदस्यों वाली विधानसभा के चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ 27 साल बाद सत्ता में लौटी। आआपा को 22 सीटें मिली। मतों का अंतर महज दो फीसदी का था। पहली बार आआपा 2022 में दिल्ली नगर निगम चुनाव जीती थी। उसे 250 में से 134 सीटें मिली थी। भाजपा को 104 सीटें मिली थी। केन्द्र में भाजपा की सरकार होने का लाभ उसे मिलता रहा। बहुमत के बावजूद महीनों कवायत के बाद आआपा का मेयर बना। इन सालों में आआपा के पार्षद भाजपा में आते रहे। इतना ही नहीं, आआपा में जाकर पार्षद बने 16 निगम पार्षद अलग दल बनाकर आआपा से अलग हो गए। निगम में दलबदल विरोधी कानून नहीं लागू है। अब निगम में भी भाजपा बहुमत में है। केजरीवाल ने अपनी ईमानदार छवि को बचाए रखने के लिए दिल्ली सरकार में मंत्री रहे असीम अहमद खान और संदीप कुमार को भ्रष्टाचार और सेक्स रैकेट के आरोप में हटाया। शराब घोटाले ने तो पूरी पार्टी को ही लपेटे में लेकर उसे नंगा कर दिया। आआपा पूरी तरह से अरविंद केजरीवाल की पार्टी है। वह न तो किसी विचारधारा से जुड़ी है, न जाति आधारित या कैडर आधारित पार्टी है। दिल्ली में सरकार जाने के बाद पार्टी के साथ मुट्ठी भर लोग दिखते हैं। आतिशी और सौरभ भारद्वाज के भरोसे दिल्ली में पार्टी चल रही है। इसी बीच निचली अदालत से आरोप मुक्त होने के बाद केजरीवाल फिर से दिखे लेकिन हाई कोर्ट ने उनके उत्साह को कमजोर कर दिया। कहीं ऊपरी अदालतों ने निचली अदालत के फैसले पलट दिए और जो नेता जमानत पर जेल से बाहर हैं, वे वापस कब जेल चले जाएं, कहा नहीं जा सकता। अगर ऐसा हुआ और अन्य नेताओं के साथ केजरीवाल जेल गए तो आआपा का हाल और भी बुरा होगा। दो फीसदी मतों के अंतर से सरकार बनाने वाली भाजपा दिल्ली में अपनी राजनीतिक हैसियत बढ़ाने में लगी है। कांग्रेस तो हाशिए पर पहुंच गई है। आआपा के लिए खतरा है कि कहीं भाजपा विरोधी मत कांग्रेस में न लौटने लगे, जिसके बल पर आआपा ने दिल्ली में दस साल से ज्यादा समय तक राज किया। अब सत्ता के बिना वह कब तक प्रभावशाली भूमिका में बनी रहेगी, यह कहना कठिन है। **-मनोज कुमार मिश्र**

# नीतीश की विदाई था जदयू का सफाया

राजेंद्र शर्मा

नाटक के पहले अंक में, बिहार के मुख्य मंत्री पद पर बने रहते हुए, नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता के लिए चुनाव के लिए अपना पर्चा भरा। यह पर्चा भरे जाने के संबंध में दो बातें खासतौर पर गौर करने वाली थीं। पहली, यह पर्चा नीतीश कुमार की अपनी पार्टी, जदयू के मंझले दर्जे के नेताओं और कार्यकर्ताओं के मुखर तथा काफी व्यापक विरोध के बावजूद भरा गया। इस विरोध की शुरूआत, राज्यसभा के रास्ते से नीतीश कुमार की बिहार से विदाई की खबरें आने के साथ ही हो गयी थी। वास्तव में इस मुखर विरोध को शांत करने के लिए और बिहार से अपनी विदाई के लिए, बिहार में गठजोड़ सरकार में अपनी सहयोगी, भाजपा को अपने समर्थकों का निशाना बनने से बचाने के लिए, नीतीश कुमार ने यह अजीबो-गरीब बयान भी दिया था कि उनकी ही इच्छा थी कि राज्यसभा के सदस्य के रूप में भी देश की सेवा करें। वैसे बिहार में सरकार और पार्टी को उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा। जाहिर है कि उनके इस बयान का कम से कम जदयू कार्यकर्ताओं की निराशा पर कोई असर नहीं पड़ा। हां! भाजपा को जरूर आलोचनाओं से अपने को बचाने के लिए कुछ सहारा मिल गया। नीतीश कुमार के राज्यसभा का पर्चा भरने के संबंध में दूसरी खास बात थी, इस मौके पर देश के गृहमंत्री और भाजपा में मोदी के बाद नंबर दो माने जाने वाले, अमित शाह का नीतीश कुमार की बगल में खड़े रहना। इस मौके पर अमित शाह की उपस्थिति एक प्रकार से इसकी याद दिलाने के लिए भी थी कि बिहार की सत्ता में आम तौर पर तथा जदयू में खासतौर पर यह संक्रमण, उनके ही चाणक्य नीति लक्ष्यों के पूरे होने का इशारा कर रहा था। जाहिर है कि खुद अपने हाथों से फैसलों को लागू कराने में विश्वास करने वाले और नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े विश्वासपात्र, अमित शाह इस मौके पर खुद उपस्थित रहकर यह तो खैर सुनिश्चित कर ही रहे थे कि भाजपा के मनमाफिक कार्ययोजना बिना किसी दिक्कत के अमल में लाई जाए और उसे जमीन पर उतारने में आखिरी वक्त पर कोई अड़चन नहीं आने पाए। इसी नाटक के दूसरे अंक में, जाहिर है कि पूर्व-योजना के अनुसार, पटना में जदयू कार्यालय में बड़ी धूम-धाम के साथ नीतीश कुमार के पुत्र, निशांत कुमार की राजनीतिक पारी की शुरूआत का ऐलान किया गया। नीतीश कुमार के बाद, जदयू के वरिष्ठड्ढ नेताओं में गिने जाने वाले, पार्टी राष्टड्ढ्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, संजय झा और केंद्रीय मंत्री, ललन सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। हालांकि, औपचारिक तौर पर यह मौका निशांत कुमार के पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का था, लेकिन इसमें न तो निशांत कुमार को कोई शक था और न उन्हें पार्टी का सदस्य बनाने वालों को कि, वास्तव में यह उनके पार्टी का नेतृत्व संभालने का मौका था। इस मौके पर अपने संबोधन में निशांत कुमार ने जिस तरह, नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करने का आश्वासन देने के बाद, पार्टी कार्यकर्ताओं की राय के अनुसार, पार्टी को मजबूत करने का भरोसा दिलाया, वह पार्टी का नेतृत्व संभालने के मौके के अनुरूप था। और जनता के दिल में घर बनाने की कोशिश करने का उनका आश्वासन तो, यह साफ ही कर देता था कि वह इस आयोजन को पार्टी की गद्दी ही सौंपे जाने के मौके की तरह देख रहे थे। याद दिला दें कि बिहार में सत्ता परिवर्तन के, जाहिर है कि भाजपा अनुमोदित पैकेज के हिस्से के तौर पर, निशांत कुमार को बिहार सरकार में महत्वपूर्ण और जदयू की ओर से संभवतरू सबसे महत्वपूर्ण पद सौंपे जाने की चर्चा, पहले ही चल रही थी। इन अनुमानों में आम तौर पर जानकारों की यह राय रही है कि उन्हें उप-मुख्यमंत्री पद सौंपा जा सकता है, क्योंकि मुख्यमंत्री पद भाजपा को दिलवाया जाना तो इस पूरी कसरत का असली मकसद ही है। प्रसंगवश इसका जिक्र भी कर दें कि निशांत कुमार के श्राज्यारोहणश के समय तक, जदयू कार्यकर्ताओं का असंतोष शांत नहीं हुआ था। इस मौके पर भी जदयू कार्यालय में, पार्टी कार्यकर्ताओं के एक हिस्से और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के समर्थकों में, बाकायदा मार-पीट हुई। याद रहे कि जदयू कार्यकर्ताओं का अच्छा-खासा हिस्सा इस सारे बदलाव को, नीतीश कुमार और जदयू के खिलाफ एक साजिश के रूप में देखता है, जिसे पर्दे के पीछे से केंद्र सरकार तथा भाजपा संचालित कर रही है। केंद्रीय मंत्री, ललन सिंह की जदयू और नीतीश कुमार के प्रति वफादारी पर संदेह जताए जाते रहे हैं। यह भी याद दिला दें कि बिहार में यह सत्ता संक्रमण किसी भी तरह से अप्रत्याशित नहीं है। वास्तव में, पिछले साल राज्य में विधानसभा चुनाव के मौके पर तो लगातार ही विपक्ष की ओर से यह सवाल उठाया जाता रहा था कि क्या भाजपा, चुनाव के बाद गठबंधन के कामयाब होने की सूरत में, अगले पांच साल के लिए मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का नेतृत्व स्वीकार करेगी? विपक्ष ही नहीं, अनेक टिप्पणीकारों के भी इस आशय के सवालों के बावजूद, भाजपा चुनाव प्रचार के दौरान काफी वक्त तक इस सवाल का स्पष्टड्ढ उत्तर देने से बचती ही रही थी। इसके बजाय भाजपा, नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़े जाने पर जोर देती रही थी, लेकिन इसे विशेष रूप से महाराष्टड्ढ्र के अनुभव की रौशनी में, चुनाव में जीत के बाद भी नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने पर, संदेह बनाए रखने का ही इशारा माना जा रहा था। पाठकों को याद ही होगा कि महाराष्ट्र में गठजोड़ सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधानसभाई चुनाव लड़े जाने के बाद, विधानसभा में अपनी ताकत ज्यादा होने के तर्क से भाजपा ने, मुख्यमंत्री पद खुद अपने नाम कर लिया था और शिंदे को धकेल कर उप-मुख्यमंत्री पद पर पहुंचा दिया था। स्वाभाविक रूप से बिहार में पूछा जा रहा था कि यह मानने का क्या आधार है कि भाजपा, महाराष्टड्ढ्र के इस पैंतरे को बिहार में भी नहीं आजमाएगी। उल्टे नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर बढ़ते सवालों के बीच, इसकी अटकलों को और बल ही मिल रहा था कि चुनाव में जीत मिली तो भाजपा, अपना मुख्यमंत्री बनवाएगी। वास्तव में ये आशंकाएं बिहार में 2020 के आखिर में हुए चुनाव के नतीजे में, सत्ताधारी जदयू-भाजपा गठजोड़ में ताकतों के संतुलन हुए बदलाव की भी निरंतरता में थीं। यह बिहार में पहली गठजोड़ सरकार थी, जिसमें दो उप-मुख्यमंत्री थे, जो दोनों ही भाजपा से थे। और कार्यकाल के बीच में ही जब नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़कर, राजद के साथ गठबंधन सरकार बनाई, वह सरकार तो कुछ महीने ही चली और उसके बाद नीतीश कुमार एक बार फिर पल्टी मारकर भाजपा के साथ गठजोड़ में पहुंच भी गए, लेकिन उसके बाद सिर्फ नीतीश कुमार के प्रति भाजपा का अविश्वास ही नहीं बढ़ा था, गठजोड़ सरकार में ताकतों का संतुलन भाजपा ने अपने पक्ष में और भी झुका लिया था। इसके बावजूद, चार महीने पहले विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत के फौरन बाद, बहुतेरे अनुमानों के विपरीत भाजपा ने मुख्यमंत्री पद पर अधिकार की मांग तो नहीं की, पर उसने सरकार में ताकत का संतुलन और ज्यादा अपने पक्ष में झुका लिया। इसमें विधानसभा के स्पीकर का पद हासिल करने का विशेष रूप से रणनीतिक महत्व था। और अब चार महीने बाद ही भाजपा ने, मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए अपना दांव चल दिया है। फिर भी यह सिर्फ नीतीश कुमार की बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में, बीस साल लंबी पारी के अंततः खत्म होने का ही मामला नहीं है। यह इसका भी मामला नहीं है कि बिहार में मुख्यमंत्री पद जदयू के हाथ से निकलकर, अब भाजपा के हाथ में पहुंच गया है। यह उस दिलचस्प और मारक पैटर्न का हिस्सा है, जो हर जगह क्षेत्रीय पार्टियों के साथ भाजपा के रिश्तों में देखने को मिलता है। जिन राज्यों में मुख्य राजनीतिक विभाजन, कांग्रेस और उसके विरोध में सामने आयी क्षेत्रीय पार्टियों के बीच रहा है, उन राज्यों में पांव जमाने के लिए भाजपा, पहले जूनियर पार्टनर के तौर पर इन क्षेत्रीय पार्टियों के साथ गठजोड़ करती है। उसके बाद, ऐसे हरेक मामले में अरब और उसके ऊंट वाले किस्से को दोहराया गया है, जिसमें ऊंट सर्दी के बचने के लिए थोड़ा-थोड़ा कर के तंबू में घुसने की इजाजत मांगता है और होते-होते होता यह है कि ऊंट तंबू में और अरब तंबू के बाहर। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल, असम में असम गण परिषद, जम्मू-कश्मीर में पीडीपी, महाराष्टड्ढ्र में शिव सेना का यही अनुभव रहा है, जो अब बिहार में भी दोहराया जा रहा है।

# वैश्विक युद्धोन्माद के बीच विश्व शांति की पुकार

ललित गर्ग

> **भारत का ऐतिहासिक दृष्टिकोण इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुपक्षीय सहयोग की नीति का समर्थन किया है। भारत का यह विश्वास रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। यही कारण है कि भारत ने हमेशा शांति, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। आज जब विश्व व्यवस्था डगमगा रही है, तब भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न केवल एक उभरती आर्थिक शक्ति है बल्कि एक ऐसी सभ्यता का प्रतिनिधि भी है जिसने सदियों से अहिंसा, सह-अस्तित्व और मानवता के मूल्यों को महत्व दिया है। महात्मा गांधी की अहिंसा की परंपरा और भारत की आध्यात्मिक विरासत आज भी विश्व को दिशा दे सकती है।**

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी जिसमें शक्ति को नियमों और संस्थाओं के माध्यम से नियंत्रित किया जा सके। लगभग आठ दशकों तक यह वैश्विक व्यवस्था अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद किसी-न-किसी रूप में कायम रही। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, बहुपक्षीय समझौते, कूटनीतिक संवाद और साझा नियम-इन सबका उद्देश्य यही था कि दुनिया 'मत्स्य-न्याय' यानी शक्तिशाली द्वारा कमजोर को निगल जाने की प्रवृत्ति से बची रहे। इसी सोच के तहत युनाइटेट नेशनस्, वर्ल्ड ट्रेड ऑरगेनाइजेशन, वर्ल्ड हेल्थ ऑरगेनाइजेशन, यूनेस्को और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों की स्थापना हुई। इन संस्थाओं ने विश्व राजनीति को पूरी तरह आदर्श नहीं बनाया, लेकिन उन्होंने कम-से-कम इतना अवश्य सुनिश्चित किया कि शक्ति के साथ नियम और नैतिकता का एक आवरण बना रहे। परंतु आज यह व्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही है।

विश्व राजनीति में एक नया रुझान तेजी से उभर रहा है जिसमें सहयोग, संवाद और बहुपक्षीयता की जगह एकपक्षीय कार्रवाई, सैन्य शक्ति और त्वरित लाभ की मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका की नीतियों ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। जो देश कभी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था का प्रमुख निर्माता और संरक्षक था, वही अब अनेक अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संस्थाओं से दूरी बनाता दिखाई देता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में ही यह संकेत मिल गया था जब अमेरिका ने पेरिस क्लाइमेंट अग्रीमेंटस्, इरान न्यूक्लियर डील्स्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से खुद को अलग करने की प्रक्रिया शुरू की। इन कदमों का संदेश यह था कि यदि किसी समझौते से तात्कालिक राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हैं तो उसे छोड़ देना ही बेहतर है। इससे वैश्विक सहयोग की उस भावना को गहरा आघात पहुंचा, जो दशकों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला रही है। आज स्थिति और भी जटिल हो गई है। दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष सामान्य घटनाओं की तरह स्वीकार किए जाने लगे हैं। चार वर्षों से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध और दो वर्षों से चल रहा गाजा युद्ध इसका सबसे दुखद एवं विडम्बनापूर्ण उदाहरण हैं। इन संघर्षों ने लाखों लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है, शहरों को खंडहर में बदल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। युद्ध की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह किसी स्थायी समाधान की ओर नहीं ले जाता। युद्ध में विजय का दावा करने वाले भी अंततः विनाश और पीड़ा के साथ ही जीते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध ने कभी भी मानवता को गौरव नहीं दिया; उसने केवल तबाही, भय और अस्थिरता को जन्म दिया है। युद्ध के परिणामस्वरूप पर्यावरण का भारी नुकसान होता है, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं, महंगाई बढ़ती है, रोजगार के अवसर घटते हैं और समाज में असुरक्षा तथा अविश्वास की भावना गहरी हो जाती है। आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध और हिंसा धीरे-धीरे सामान्यीकृत होते जा रहे हैं। अनेक बार युद्ध का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं बल्कि घरेलू राजनीति में छवि निर्माण, शक्ति प्रदर्शन या आंतरिक संकटों से ध्यान हटाना बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों कमजोर पड़ते हैं। यदि शक्तिशाली देश ही नियमों को तोड़ने लगें तो पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। मानवाधिकारों के प्रश्न पर भी दोहरे मानदंड दिखाई देते हैं। किसी एक देश की आलोचना की जाती है, लेकिन उसी तरह के कृत्यों पर दूसरे देशों के संदर्भ में चुप्पी साध ली जाती है। इससे मानवाधिकार एक सार्वभौमिक मूल्य के बजाय भू-राजनीतिक बहस का उपकरण बन जाते हैं। यदि विश्व समुदाय वास्तव में मानवता की रक्षा करना चाहता है तो उसे हर देश के लिए समान मानदंड अपनाने होंगे। इन परिस्थितियों में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या दुनिया फिर से उस दौर की ओर बढ़ रही है जहां जिसकी लाठी उसकी भैंस ही अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नियम बन जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो यह केवल छोटे देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता के लिए गंभीर खतरा होगा। भारत का ऐतिहासिक दृष्टिकोण इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुपक्षीय सहयोग की नीति का समर्थन किया है। भारत का यह विश्वास रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। यही कारण है कि भारत ने हमेशा शांति, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। आज जब विश्व व्यवस्था डगमगा रही है, तब भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न केवल एक उभरती आर्थिक शक्ति है बल्कि एक ऐसी सभ्यता का प्रतिनिधि भी है जिसने सदियों से अहिंसा, सह-अस्तित्व और मानवता के मूल्यों को महत्व दिया है। महात्मा गांधी की अहिंसा की परंपरा और भारत की आध्यात्मिक विरासत आज भी विश्व को दिशा दे सकती है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बढ़ते वैश्विक प्रभाव का उपयोग विश्व शांति की दिशा में और अधिक सक्रिय रूप से करें। पिछले वर्षों में भारत ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति, सहयोग और विकास की बात को प्रमुखता से उठाया है। अब समय आ गया है कि इस पहल को और व्यापक बनाया जाए। भारत को चाहिए कि वह वैश्विक स्तर पर युद्धविराम, संवाद और कूटनीतिक समाधान के लिए पहल करे। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की त्रासदी-इन सबके समाधान के लिए संवाद की नई पहल आवश्यक है। भारत यदि मध्यस्थता और शांति प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाए तो वह विश्व राजनीति में एक संतुलनकारी शक्ति बन सकता है। इसके साथ ही परमाणु हथियारों और शस्त्रों की होड़ पर भी गंभीर चिंतन आवश्यक है। आज दुनिया में जिस गति से आधुनिक हथियारों का भंडार बढ़ रहा है, वह मानवता के लिए गंभीर खतरा है। किसी भी क्षण किसी राष्ट्र की नासमझी या राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी दुनिया को विनाश के कगार पर ला सकती है। इसलिए निशस्त्रीकरण और हथियार नियंत्रण की दिशा में नए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की आवश्यकता है। यदि विश्व समुदाय मिलकर युद्ध के स्थान पर संवाद और सहयोग को अपनाए तो न केवल वैश्विक स्थिरता कायम होगी बल्कि मानवता विकास और समृद्धि के नए मानक भी स्थापित कर सकेगी। यही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आशा भी। आज जब विश्व युद्ध, हिंसा और शक्ति-प्रतिस्पर्धा के तनाव से जूझ रहा है, तब दुनिया की निगाहें स्वाभाविक रूप से भारत की ओर उठती हैं। भारत वह धरती है जहाँ शांति, सह-अस्तित्व और अहिंसा केवल राजनीतिक नीतियाँ नहीं बल्कि जीवन-दर्शन के रूप में विकसित हुए हैं। इसी भूमि से वसुधैव कुटुम्बकम् का वह महान मंत्र निकला जिसने संपूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी। महात्मा गांधी ने इसी भारतीय परंपरा को आधुनिक युग में अहिंसा की शक्तिशाली राजनीतिक और नैतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया और दुनिया को बताया कि संघर्षों का समाधान हिंसा से नहीं बल्कि सत्य, करुणा और संवाद से संभव है। भारत की आध्यात्मिक विरासत-जिसमें महावीर और गौतम बुद्ध जैसे महापुरुषों की शिक्षाएँ समाहित हैं, मानवता को यह संदेश देती है कि शांति ही स्थायी विकास और वैश्विक संतुलन का आधार है। आज की अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों में भारत की यही अहिंसात्मक दृष्टि, उसकी आध्यात्मिक शक्ति और सर्वहित की भावना विश्व को एक नई दिशा दे सकती है तथा मानवता को संघर्ष की अंधी दौड़ से निकालकर सहयोग, सद्भाव और स्थायी शांति के मार्ग पर अग्रसर कर सकती है।

# स्थल चिन्हित कर वृक्षारोपण के लिए करें गढ्ढों की खुदान : डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पर्यावरण समिति की बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। बुधवार को जिलाधिकारी जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेझट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को स्थल चिन्हित कर वृक्षारोपण हेतु गड्ढा खुदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने अतर्रा, बबेरू एवं नरैनी रोड पर सड़क किनारे वृक्षारोपण किये जाने हेतु डीएफओ एवं अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को सिल चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने नहर किनारे एवं तहसील में वृक्षारोपण किये जाने हेतु स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को हरित चौपाल पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु गॉव में आयोजित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सॉलिड बेस्ट मैनेजमेन्ट को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिये कि सड़क किनारे कूडा नही फेंका जाए, कूडे का उचित निस्तारण चिन्हित स्थानों पर ही डालकर किया जाए। उन्होंने आरआरसी सेन्टरों का संचालन करने एवं संचालित आरआरसी सेन्टरों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण के लिए जीरो साइकिल पॉलीथिन के उपयोग को रोके जाने हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण किये जाने तथा सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों का बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण किये जाने के निर्देश अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होंने ग्राम गंगा समितियों का गठन किये जाने तथा नदियों में प्रदूषित जल को प्रवाहित न किये जाने के निर्देश दिये तथा निम्नी नाला एवं करिया नाला में प्रदूषित जल की जांच कराये जाने के पश्चात ही जल प्रवाहित करने के निर्देश दिये। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढावा दिये जाने तथा किसान पाठशाला आयोजित किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि जैविक खेती को बढाने के लिए पन्द्रह कलस्टरों का चयन नदियों के किनारे किया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, प्रभागीय वनाधिकारी अरबिन्द कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मनरेगा से जल संचयन हेतु मेडबन्दी एवं तालाबों का निर्माण समय से करायें: डीएम

बांदा। बुधवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेझट सभागार में जल संचय भागीदारी योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मनरेगा से जल संचयन हेतु मेडबन्दी एवं तालाबों का निर्माण तथा नालों की सफाई का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को नये शोकपिट का निर्माण कराये जाने तथा पुराने शोकपिटों की साफ-सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला भूमि संरक्षण अधिकारी को खेत-तालाब योजना के अन्तर्गत तालाबों की खुदाई, मेडबन्दी तथा छोटे चेकडैम बनाये जाने के निर्देश दिये, जिससे कि वर्षा के जल का संचयन किया जा सके। उन्होंने अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई को तालाबों का निर्माण कराये जाने तथा चेकडैम बनाये जाने एवं रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि जल संचयन एवं जन भागीदारी पोर्टल पर कराये गये कार्यों के फोटोग्राफ अपलोड करें तथा कराये जा रहे कार्यों की रिपोर्ट उन्हें प्रस्तुत करें। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को वृक्षारोपण हेतु डेझन/गड्ढे खुदाई किये जाने के निर्देश दिये। जिला कार्यक्रम अधिकारी को रूफ टाप रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जल संचयन के कार्य में तेजी लायी जाए तथा आवश्यक कार्यों को समय से पूर्ण करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकरी अजय कुमार पाण्डेय सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाल विवाह मुक्ति जागरूकता रथ को सांसद ने दिखाई हरी झंडी

- सांसद की अध्यक्षता में किया गया आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान बांदा (उत्तर प्रदेश) द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के सन्दर्भ में जागरूकता बैठक का आयोजन सांसद श्रीमती कृष्णा देवी पटेल की अध्यक्षता में बबेरू आवास में किया गया।' कार्यक्रम की रुपरेखा एवं पृष्ठभूमि रखते हुए संस्था के सचिव श्रवण कुमार ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जस्ट राईट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से पूरे भारत वर्ष में संचालित किया जा रहा है, जनपद बांदा में ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम को पिछले 2 वर्ष से जनपद बांदा में बाल विवाह जागरूकता पर कार्यक्रम संचालित कर रही है। श्रवण कुमार ने यह बताया कि भारत सरकार द्वारा बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु विभिन्न मंत्रालयों एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में ह्ल100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियानङ्क ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान बांदा उत्तर प्रदेश द्वारा प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता फैलाकर बाल विवाह की घटनाओं को रोकना एवं ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर 8 मार्च 2026 (अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस) से कुछ पंचायतों को चिन्हित करके श्बाल विवाह मुक्त पंचायतश घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण कई बार सरकारी योजनाओं और कानूनों की जानकारी लोगों तक नहीं पहुँच पाती। ऐसे में जागरूकता हेतु बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा एक सशक्त माध्यम के रूप में उभरती है। बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा के माध्यम से गाँव-गाँव जाकर जनसंवाद, पोस्टर, पम्पलेट, ऑडियो संदेश, शपथ कार्यक्रम तथा सामुदायिक बैठकें आयोजित की जा रही है जिसमें लोगों को सरकार द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबरो जैसे 112, 1098, 1930, 1076, 1090, व 108 व सरकारी योजनाओं को लेकर जानकारी देना जिससे अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुँच सके। जागरूकता रथ यात्रा सामाजिक परिवर्तन की दिशा में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी प्रयास है। यह अभियान केवल कानून की जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में मानसिकता परिवर्तन, बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने तथा शिक्षा और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने का भी माध्यम है।

# द्वारचार के दौरान घराती व बरातियों के बीच खूनी संघर्ष, पुलिस की उपस्थिति में हुई शादी की रस्म



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव में एक शादी समारोह के दौरान द्वारचार की रस्म में बारातियों और घरातियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में कई लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराकर शादी की बाकी रस्में पूरी कराईं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जानकारी के अनुसार फरीदगंज निवासी रूपेश पाल की बारात सौरई बुजुर्ग गांव में अमृतलाल के घर आई थी। नाश्ता-पानी के बाद बाराती डीजे की धुन पर नाचते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। इसी दौरान द्वारचार की रस्म के समय किसी बात को लेकर बारातियों और घरातियों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गये। इस दौरान लात-घूंसों से जमकर मारपीट हुई। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया और समझौता कराकर शादी की रस्में पूरी करायी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने दोनों पक्षों को दूसरे दिन थाने बुलाया जिसके बाद बारात की विदाई हुई। उक्त घटना में कई लोग घायल हुए हैं। वहीं अमन सोनकर नाम के युवक को गंभीर चोटें आई है जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ।

## आयकर–ईडी ने की जनपद में ताबड़तोड़ छापेमारी

बाँदा। जनपद बाँदा में बुधवार का दिन व्यापारिक हलकों के लिए किसी अचानक गिरी बिजली से कम नहीं रहा। सुबह होते-होते आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की संयुक्त टीमों ने शहर में ऐसी दस्तक दी कि कई प्रतिष्ठानों की तिजोरियों की खामोशी और बंद फाइलों की धूल एकाएक सवालों के घेरे में आ गई। अचानक हुई छापेमारी से शहर के कई नामचीन व्यापारियों सहित राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के होश उड़ गये। केंद्र सरकार की इन दोनों एजेंसियों ने पहले से मिली खुफिया सूचनाओं के आधार पर जनपद में कदम रखा और देखते ही देखते कुछ चुनिंदा व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू हो गई। अचानक पहुंची टीमों ने दस्तावेज, खाताबही और लेन-देन के रिकॉर्ड खंगालने शुरू किए तो शहर के व्यापारिक गलियारों में बेचौनी और कानाफूसी का दौर भी तेज हो गया।

# एसआईआर की खामियों को दुरूस्त करने की मांग

- सपा नेता ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। बुधवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ईशान सिंह लवी ने जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी, जनपद-बाँदा को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है। जिसमें उन्होंने अवगत कराया कि निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहे एसआईआर 2025 के कार्य में नो मैपिंग वाले मतदाताओं की नोटिस का निस्तारण कर्मचारियों द्वारा विशेष छूट के तहत आधार कार्ड या बैंक पासबुक से करने के संबंध में जांच हेतु शिकायती प्रार्थना पत्र प्रार्थी का निवेदन है कि प्रार्थना पत्र के साथ में संलग्न दो स्क्रीनशॉट का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसमें वीरेंद्र नामक किसी कर्मचारी द्वारा किसी विभागीय कर्मचारियों के व्हाट्सएप ग्रुप में सभी बीएलओ को ध्यान देने के लिए यह लिखा गया है कि विशेष छूट डाक्यूमेंट अपलोड करने की कोई विशेष बाध्यता नहीं है, आप दस्तावेज के रूप में मतदाता की बैंक पासबुक का भी उपयोग कर सकते हैं। दूसरे स्क्रीनशाट में भी एक मैसेज है जिसमें किसी कर्मचारी वीरेंद्र द्वारा सभी सुपरवाइजर और बीएलओ को संबोधित करते हुए लिखा गया है कि सिर्फ आधार कार्ड लेकर भी आप हियरिंग पूर्ण करें। दोनों स्क्रीनशॉट में जो निर्देश दिए जा रहे हैं क्या वे निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को नो मैपिंग व लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी आदि के लिए जारी की गई नोटिस की सुनवाई के लिए निर्वाचन आयोग दवारा बनाए गये नियम व जारी लिखित दिशा निर्देशों के अंतर्गत सही हैं? इस तरह का आदेश क्या आपके स्तर से या उच्च अधिकारियों द्वारा लिखित रूप में भी जारी किया गया है? यदि कोई लिखित आदेश आपके स्तर से या निर्वाचन आयोग से जारी नहीं किया गया है व यदि यह निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत है और नो मैपिंग की सुनवाई का कार्य ।म्त्व द्वारा किया जाना था परंतु एसआईआर को संबोधित करके उनसे इस तरह से विशेष छूट के तहत सिर्फ आधार कार्ड या बैंक पासबुक से ही यदि नियम विरुद्ध कार्य समाप्त किया जा रहा है तो कृपया इसका संज्ञान लेते हुए इस पर रोक लगाने व इस तरह संलग्न व्हाट्सएप मैसेज वाला आदेश जारी करने वाले दोषियों पर उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें। दोनों स्क्रीनशॉट की प्रति भी संलग्न है,ज्ञापन में जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा,कल्लू चौहान,रविन्द्र नाथ गुप्ता, ऋषि द्विवेदी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने से इंकार का आरोप, सपा नेता डॉ. शशांक शुक्ला तहसील में धरने पर बैठे

बांगरमऊ। क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सगौड़ा में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की कथित मनमानी को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी के नेता डॉ. शशांक शेखर शुक्ला ने विरोध जताते हुए तहसील परिसर में धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बावजूद एक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ा जा रहा है, जबकि कथित तौर पर फर्जी वोट जोड़े जा रहे हैं। ग्राम हसनपुर सगौड़ा निवासी एक व्यक्ति ने फोन पर डॉ. शशांक शेखर शुक्ला को जानकारी दी कि आवश्यक दस्तावेज और प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी बीएलओ उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज करने से मना कर रही हैं। शिकायत मिलने के बाद डॉ. शुक्ला ने पहले फोन पर ही बीएलओ से संपर्क कर मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे नाराज होकर डॉ. शुक्ला सीधे तहसील परिसर पहुंच गए और वहां धरने पर बैठ गए। धरने के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि बीएलओ द्वारा मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में मनमानी और लापरवाही बरती जा रही है, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## बीआरसी में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

बिछिया, उन्नाव। बुधवार को बीआरसी कार्यालय परिसर स्थित कम्पोजिट विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरवा विधायक अनिल सिंह ने मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला में अध्यापकों और ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में परिषदीय विद्यालयों की प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव और ग्राम प्रधान शामिल हुए। विधायक अनिल सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी और कहा कि सरकार शिक्षा और विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने संगोष्ठी में विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा और बाल अधिकारों की जानकारी दी तथा विद्यालय प्रबंध समिति के कर्तव्यों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह, सर्वेश गुप्ता, बीडीसी दीपक त्रिवेदी, ग्राम पंचायत दुआ के प्रधान अजय सिंह समेत अन्य ग्राम प्रधान और शिक्षक मौजूद रहे।

## मण्डलीय पेंशन अदालत 1 अप्रैल को

बांदा। आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में 1 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे, आयुक्त कार्यालय में मंडलीय पेंशन अदालत आयोजित होगी। इस पेंशन अदालत में चित्रकूटधाम मंडल के जनपद बाँदा, हमीरपुर, महोबा व चित्रकूट के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद् के अंतर्गत प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल से सेवा निवृत्त कार्मिकों/ अध्यापकों व उनके आश्रितों के लम्बित सेवा नैवृत्तिक लाभों (यथा पेंशन, उपादान, पेंशन पुनरीक्षण आदि से ही सम्बंधित वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 19 मार्च 26 के सांय 4 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। इस तिथि के उपरान्त कोई भी वाद स्वीकार नहीं किये जायेंगे । वाद पत्र/प्रत्यावेदन की एक प्रति सम्बंधित कार्यालयाध्यक्ष जहाँ से कर्मचारी सेवा निवृत्त हुआ है को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराते हुए प्राप्ति रसीद लेना अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि पेंशन अदालत में किसी न्यायालय/शासन द्वारा निर्णीत तथा न्यायालय में विचाराधीन एवं नीतिगत मामलों से जैसा कि वाद पत्र के बिंदु 16 में इंगित है, सम्बंधित बाद पत्रों पर मंडलीय पेंशन अदालत में कोई विचार नहीं किया जायेगा । यह जानकारी संयुक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन ने दी है।

# शीतला अष्टमी पर मां शीतला देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ। शीतला अष्टमी के पावन पर्व पर बुधवार को नगर के पश्चिम पवित्र कल्याणी नदी के तट पर स्थित मां शीतला देवी मंदिर में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने माता का भव्य श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और परिवार की सुख-समृद्धि तथा अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

शीतला अष्टमी को लेकर नगर में विशेष उत्साह और धार्मिक माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर के साथ ही बाहर मार्ग के किनारे श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रामजी गुप्ता, समाजसेवी आकाश निषाद, चौधरी आशीष सिंह 'गोलू', भाजपा नेता बाला राव गुप्ता और विवेक पटेल समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिविर लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने ह्लमां शीतला देवीङ्क के जयकारों के साथ दर्शन-पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार, पूर्व मंत्री चौधरी अशोक कुमार सिंह 'बेबी', आदित्य तिवारी, अंकित शुक्ला, गौरी शंकर, दीपक निषाद, शेखर कुशवाहा, मनोज यादव, अंश अवस्थी, रिंकू निषाद और सुभाष राजपूत सहित कई गणमान्य लोग भी मंदिर पहुंचे। सभी ने मां के दरबार में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

मंदिर के प्रमुख पुजारी बलराम यादव ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शीतला अष्टमी के दिन मां शीतला की पूजा करने से रोग-दोष दूर होते हैं और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनीत कटियार, सदस्य रामजी गुप्ता, विजय गुप्ता और ओम नारायण श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

### परंपरागत मेले में रही रौनक

मंदिर के बाहर परंपरागत मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजाईं। मेले में बच्चों ने खिलौने और रंग-बिरंगे गुब्बारे खरीदे, वहीं पानी-पूरी और चाट का आनंद लिया। महिलाओं ने चूड़ी, बिंदी और श्रृंगार सामग्री की जमकर खरीदारी की। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। शीतला देवी मंदिर परिसर में आज आस्था के साथ-साथ सामाजिक मेल-मिलाप का भी अद्भुत माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे से मिलकर पुराने गिले-शिकवे भुलाए और त्योहार की खुशियां साझा कीं।

# बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिवस में सेनानी रामबालक दीक्षित इंटर कॉलेज भदेऊना के परिसर में बोर्ड परीक्षा में निरीक्षक की ड्यूटी करने वाले समस्त परिषदीय शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को प्रबंधक सत्येंद्र कुमार दीक्षित के द्वारा समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेनानी स्मारक विद्यालय के प्रबंधक अनुज दीक्षित ने समस्त परिषदीय शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा सेनानी स्कूल के समस्त अध्यापक गणों का सुचारू रूप से सुचिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने फर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर सौरभ दीक्षित ने कहा कि आप सभी के सहयोग और कर्मठता के लिए हृदय से धन्यवाद देते हुए माल्यार्पण करके सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक गिरीश चंद्र शुक्ला, केंद्र व्यवस्थापक डी बी सिंह परीक्षा प्रभारी मुकेश शर्मा व से शिक्षिका शीला पाण्डेय, सुरेंद्र सिंह सहित समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# औने-पौने दाम पर बिक रहा आलू, लागत निकालने में जूझ रहे किसान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

परियर(उन्नाव)। सदर तहसील के परियर क्षेत्र के मरौंदा गांव में इस बार आलू किसानों के लिए नुकसान का सौदा बन गया है। किसानों का कहना है कि सब्जियों का राजा कहे जाने वाला आलू इन दिनों मंडियों में औने-पौने दाम पर बिक रहा है। हालात यह हैं कि थोक मंडी में आलू 6 से 7 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है, जबकि बाजार में भी यही आलू 6 से 7 रुपये किलो तक बिक रहा है। बाकी मुनाफा व्यापारियों के पास जा रहा है और किसान लागत निकालने के लिए परेशान हैं।

जिले के कई क्षेत्रों में इस बार आलू लगाने वाले किसानों की संख्या बढ़ी थी। अच्छी पैदावार की उम्मीद में किसानों ने बड़े पैमाने पर बोवाई की थी। लेकिन जब फसल की पैदावार अच्छी हुई तो दाम गिर गए। जिन किसानों ने पहली बार आलू की खेती की थी, वे सबसे ज्यादा परेशान हैं।

मरौंदा गांव के किसान तारा सिंह, योगेंद्र सिंह, पृथ्वीराज, सुघर और इंदल ने बताया कि आलू की खेती में बीज, खाद, पानी, दवाइयां और मजदूरी मिलाकर कुल लागत 35 से 36 हजार रुपये प्रति बीघा तक पहुंच गई। मंडी में मात्र 6 रुपये किलो भाव मिलने से आमदनी भी कम रही। किसानों का कहना है कि जितनी लागत लगी, उतनी भी वसूली नहीं हो पा रही है। न मुनाफा हो रहा है और न ही कोई बचत।

किसानों का कहना है कि इतनी मेहनत के बाद भी फायदा नहीं होना बेहद निराशाजनक है। आलू से उम्मीद थी लेकिन यहां भी नुकसान ही हाथ लगा। गांव के कई किसानों की यही स्थिति है। नई फसल लगाने के बावजूद उचित दाम नहीं मिल रहे हैं, जिससे किसान आर्थिक दबाव में आ गए हैं।

किसानों का कहना है कि इस साल आलू का उत्पादन ज्यादा हुआ है, लेकिन मांग के मुकाबले आपूर्ति बढ़ने से दाम गिर गए हैं।

## शीतला अष्टमी के अवसर पर मंदिरों में उमड़ी श्रधालुओ भीड़

शुक्लागंज(उन्नाव)। नगर में बुधवार को शीतलाष्टमी का पर्व परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने मां शीतला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि के साथ शिनरोगी कायाश की कामना की। नगर के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी को जल अर्पित कर रोली, अक्षत और पुष्प चढ़ाए। विशेष रूप से, शीतला माता को एक दिन पूर्व (मंगलवार रात) बनाए गए पकवानों का भोग लगाया गया। पूजन के पश्चात महिलाओं ने स्वयं भी बासी भोजन (बसौड़ा) ग्रहण कर व्रत का समापन किया। दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित विनोद पांडे ने पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए एक पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में एक बुजुर्ग महिला और उसकी दो बहुओं ने शीतला माता का व्रत रखा था।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने से इंकार का आरोप, सपा नेता डॉ. शशांक शुक्ला तहसील में धरने पर बैठे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ। क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सगौड़ा में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की कथित मनमानी को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी के नेता डॉ. शशांक शेखर शुक्ला ने विरोध जताते हुए तहसील परिसर में धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बावजूद एक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ा जा रहा है, जबकि कथित तौर पर फर्जी वोट जोड़े जा रहे हैं।

ग्राम हसनपुर सगौड़ा निवासी एक व्यक्ति ने फोन पर डॉ. शशांक शेखर शुक्ला को जानकारी दी कि आवश्यक दस्तावेज और प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी बीएलओ उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज करने से मना कर रही हैं। शिकायत मिलने के बाद डॉ. शुक्ला ने पहले फोन पर ही बीएलओ से संपर्क कर मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

इससे नाराज होकर डॉ. शुक्ला सीधे तहसील परिसर पहुंच गए और वहां धरने पर बैठ गए। धरने के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि बीएलओ द्वारा मतदाता सूची से जुड़े कार्यों में मनमानी और लापरवाही बरती जा रही है, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कुछ समय तक धरना देने के बाद डॉ. शशांक शेखर शुक्ला ने उपजिला निर्वाचन अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बीएलओ की कार्यशैली की जांच कराने और दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सूचना

उदयभान पुत्र स्वर्गीय सुखलाल निवासी ग्राम बाबा खेड़ा गलरापुर रसूलाबाद जिला उन्नाव का निवासी हूं। मेरी बीमा पालिसी संख्या 222543035 में भानू पुत्र सुखलाल अंकित है। जब कि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में उदयभान पुत्र स्वर्गीय सुखलाल दर्ज है। मुझे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।

उदयभान पुत्र स्वर्गीय सुखलाल
निवासी- ग्राम, बाबा खेड़ा,
गलरापुर रसूलाबाद जिला उन्नाव।

# सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर शिक्षा को मिला रचनात्मक रंग

- सीडीओ ने बालिकाओं संग दिखाई हरीझंडी, 4,150 बच्चों तक पहुंचेगी 'ज्ञान का पिटारा' किट
- सीडीओ ने किया विंटर आर्ट किट वितरण, नौनिहालों के खिले चेहरे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। जनपद में सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर बुनियादी शिक्षा को नया रंग और बच्चों की रचनात्मकता को पंख देने की पहल शुरू हो गई है। मंगलवार को विकास खंड नकहा के कंपोजिट विद्यालय धोबाहा में सीडीओ अभिषेक कुमार ने विंटर आर्ट किट वितरण एवं 'प्लेग-ऑफ' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर उत्साह और रंगों से भरे भविष्य की झलक साफ दिखाई दी। सीडीओ ने परिषदीय स्कूलों की बालिकाओं के साथ वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की और बच्चों को किट सौंपते हुए कहा कि शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित न रखकर कला और पर्यावरण से जोड़ना समय की मांग है।

उन्होंने बताया कि एजुकेट गर्ल्स संस्था इस अभियान के तहत जिले के 83 परिषदीय विद्यालयों के 4150 छात्र-छात्राओं को लर्निंग किट उपलब्ध कराई जाएंगी। पहले चरण में कंपोजिट विद्यालय धोबाहा के 60 बच्चों को किट वितरित की गई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि संस्था का क्ष्ख्ध++ (ज्ञान का पिटारा) मॉडल बच्चों के सीखने के तरीके को रोचक और प्रभावी बनाएगा। इससे न केवल उनकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी बल्कि विद्यालय से उनका जुड़ाव भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें शासन के निपुण भारत जैसे लक्ष्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में सीडीओ ने बच्चों से जीवन कौशल पर संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। वहीं बीईओ शत्रुघ्न सरोज, प्रधानाध्यापक जगदीश कुमार और शिक्षकों बृजेंद्र वर्मा, कुसुमलता व ज्योति ने इस पहल को विद्यालय के लिए नई ऊर्ज़ा बताया। सीडीओ ने छात्रा सृष्टि और लक्ष्मी के साथ विंटर कैंप वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत किया। इस मौके पर एजुकेट गर्ल्स टीम से इंद्रदेव तिवारी, अंकित दीक्षित, प्रमोद कुमार, हरदीप सिंह, अमित कुमार सिंह और विपिन कुमार मौजूद रहे। सीडीओ ने पूरी टीम को ग्रामीण शिक्षा के लिए उनके समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया।

## नो स्मोकिंग डे पर सीएमओ कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम, तंबाकू छोड़ने की दिलाई गई शपथ

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नो स्मोकिंग डे के अवसर पर सीएमओ कार्यालय सभागार में जागरूकता कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को तंबाकू सेवन न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि धूम्रपान निषेध दिवस की शुरुआत वर्ष 1984 में मार्च के दूसरे बुधवार को की गई थी। इसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान और तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि भारत में तंबाकू सेवन के कारण हर वर्ष लगभग 13 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। वहीं सेकेंड हैंड स्मोक यानी दूसरों के धूम्रपान के धुएं से भी बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती है। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फ़ेफड़ों की बीमारियां और अस्थमा जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। धूम्रपान करने वाले लोग सामान्य लोगों की तुलना में औसतन 10 वर्ष पहले मृत्यु का शिकार हो जाते हैं।

## मैलानी में निकलेगी बाबा बालाजी महाराज की पावन ज्योत की भव्य शोभायात्रा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मैलानी खीरी। नगर पंचायत मैलानी में बालाजी मित्र मंडल सेवा समिति के तत्वावधान में मेहंदीपुर बालाजी धाम से लाई गई बाबा बालाजी महाराज की पावन ज्योत को नगर पंचायत मैलानी में बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में निकाला जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पावन कार्यक्रम नंदन जी महाराज के आदेशानुसार आयोजित किया जा रहा है। शोभायात्रा के दौरान भक्तगण भजन-कीर्तन करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से होकर बाबा बालाजी महाराज की ज्योत के साथ नगर भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वागत की भी तैयारियां की जा रही हैं। बालाजी मित्र मंडल समिति के नेतृत्व में समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी, अतुल राजपूत, टिंकू, उत्सव गुप्ता, अर्पित शर्मा, अमित शर्मा, अखिलेश शास्त्री व राम मिश्रा सहित कई श्रद्धालु इस पावन ज्योत यात्रा में शामिल रहेंगे और आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे आयोजकों ने सभी श्रद्धालु भक्तों से अपील की है कि वे प्रातः 8 बजे नगर पंचायत मैलानी पहुंचकर इस पावन ज्योत शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ एवं पुण्य प्राप्त करें समिति के अनुसार यह कार्यक्रम क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भाईचारे का संदेश भी देगा।

# स्कूटी और रोडवेज बस की भीषण टक्कर, ग्राम विकास अधिकारी गंभीर घायल, चालक फरार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजानी खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम झारा मोड़ के पास बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तेज रफ्तार रोडवेज बस और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में कुम्भी ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा दोपहर करीब 1:40 बजे हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना की सूचना मिलते ही हैदराबाद थाने के उपनिरीक्षक खेमेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल महिला को तुरंत अपनी निजी गाड़ी से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा। पुलिस की प्रारंभिक जांच में स्कूटी नंबर ठप्31 उड्ड 3404 की चालक की पहचान 32 वर्षीय रितु यादव के रूप में हुई है, जो कुम्भी ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वह प्रयागराज निवासी ऋतुराज की पत्नी बताई जा रही हैं। वहीं दुर्घटना में शामिल रोडवेज बस का नंबर ठप्31 इड्ड 4536 बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और रितु यादव को गंभीर चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी और बस को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया है। वहीं हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

## श्री महाशिवपुराण कथा में नारद मोह का मार्मिक वर्णन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध भगवान शिव की नगरी गोला गोकर्णनाथ में मोहल्ला मुन्नूगंज, वार्ड नंबर पांच स्थित नारायण वाली गली में आयोजित श्री महाशिवपुराण कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के चौथे दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक वेदव्यास विष्णु शरण जी महाराज ने अपने मुखारविंद से भगवान शिव की दिव्य कथा का रसपान कराते हुए नारद मोह का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक ने भगवान कार्तिकेय के जन्म, ताड़का असुर वध तथा भगवान श्री गणेश के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए भक्तों को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया कथा के आयोजक बांके बिहारी गुप्ता एवं शिल्पी गुप्ता ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रतिदिन 14 मार्च तक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित हो रही कथा में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# शिव मंदिर चौराहे पर रोडवेज और मैजिक चालकों का कब्जा, एआरएम के आदेश भी बेअसर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क







गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर का प्रमुख शिव मंदिर चौराहा इन दिनों डग्गामार वाहनों और रोडवेज बसों की मनमानी का केंद्र बना हुआ है। रोडवेज बस चालकों और मैजिक वाहन संचालकों ने इस व्यस्त चौराहे को ही अघोषित बस स्टैंड बना दिया है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

चौराहे के बीच सड़क पर बसें और मैजिक वाहन खड़े कर दिए जाने से यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। छोटे से चौराहे पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण पैदल चलने वालों और दोपहिया चालकों का निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे समय की बर्बादी के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस अव्यवस्था को देखते हुए रोडवेज एआरएम ने पूर्व में एक प्रेस नोट जारी कर बस चालकों को चौराहे पर वाहन खड़े न करने के निर्देश दिए थे और उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। इसके बावजूद चालक खुलेआम विभागीय आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं और चौराहे पर ही बसें खड़ी कर सवारियां भरते नजर आ रहे हैं स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जाम और अव्यवस्था की स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से शिव मंदिर चौराहे पर हो रहे इस अवैध स्टैंड को हटाकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# लखीमपुर में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी डीएम-एसपी ने की समीक्षा बैठक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर 14 व 15 मार्च को दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में 4800 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल विहीन ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

बैठक में डीएम ने नोडल अधिकारी (पुलिस), नोडल अधिकारी (प्रशासन), स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि बोर्ड द्वारा जारी सभी नियमों और दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं।

## बुढ़वा मंगलवार को फाग उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बांदा। बुढ़वा मंगलवार को ग्राम पंचायत जखनी में फाग उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें बांदा कंग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित साथियों सहित शामिल हुए। इस अवसर पर बांदा कंग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि ष्बुढ़वा मंगल/बड़ा मंगल हिंदू धर्म में होलिकोत्सव के बाद मनाया जाने वाला एक प्रमुख उत्सव है, जिसमें रंग, गुलाल लगाकर मिठाई, गुझिया खिलाई जाती है, और भंडारे आयोजित होते हैं, गंगा जमुनी तहजीब को मजबूत करने वाले इस पर्व में आस पास के लगभग 10 ग्रामों के लोग ग्राम जखनी में एकत्रित होकर हर्षोल्लास से फाग गीत गाते हुए इस पर्व को मनाते हैं, जो मुख्य रूप से उत्तर भारत विशेषकर बांदा, लखनऊ, कानपुर में हनुमान जी को समर्पित है। इस दिन हनुमान जी की विशेष पूजा, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। माना जाता है कि बुढ़वा मंगल के मंगलवार को ही हनुमान जी और भगवान राम की पहली मुलाकात हुई थी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय व तृतीय दिवस के कार्यक्रम सम्पन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




गोला गोकर्णनाथ खीरी। चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय एवं तृतीय दिवस के कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल स्वयंसेवकों द्वारा व्यायाम एवं योगाभ्यास से किया गया, जिसमें स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर बल दिया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवक गोदित ग्राम रामपुर जंगल पहुंचे, जहां मंदिर तथा प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा आर्थिक सर्वेक्षण और मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया। स्वच्छता व जनजागरूकता के उद्देश्य से रैली भी निकाली गई। दोपहर बाद आयोजित सत्र में डॉ. रविन्द्र नाथ ने स्वयंसेवकों को रक्त समूह, रक्तदान तथा उसके महत्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है और इससे कई जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इसके बाद विनीत सिंह भदौरिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा नेतृत्व क्षमता के निर्माण में योगदान पर प्रेरक व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार सिंह (प्रभारी अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम अधिकारी), डॉ. आनन्द कुमार पाण्डेय, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. हिमांशु मिश्र, डॉ. अनुप कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी के संकल्प के साथ हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## मैगलगंज में घर में घुसकर महिला व परिजनों को पीटने का आरोप, एसपी से कार्रवाई की मांग

लखीमपुर खीरी। मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रावनखुर्द में एक महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट की घटना हुई है। पीड़िता रूपा पत्नी रामपाल ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि बीती 5 मार्च की रात करीब 11 बजे गांव के ही सुंदर लाल के पुत्र कल्लू व अजय, रामप्रकाश के पुत्र सूरज पाल, कल्लू के पुत्र संतराम व छतरपाल समेत अन्य लोग पुरानी रंजिश को लेकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़िता के अनुसार मारपीट में उसके पति रामपाल के दोनों हाथों व सीने में गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उन्हें सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके बेटे देशराज को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे उसके दाहिने हाथ की कलाई में चोट आई है। वहीं रूपा देवी के दाहिने हाथ की कलाई और कोहनी में गंभीर चोट लगने के साथ सिर पर भी चोट आई है। पीड़िता का कहना है कि मामले में मैगलगंज थाने में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोप है कि आरोपी पक्ष लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है।

## नानक पुलिस चौकी प्रभारी की लंबी तैनाती पर उठे सवाल, अवैध कारोबार बढ़ने से लोगों में रोष

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर की नानक पुलिस चौकी इन दिनों स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। इसकी वजह चौकी प्रभारी योगेश चौधरी की यहां तीन वर्ष से अधिक समय से लगातार तैनाती बताई जा रही है। जबकि इसी अवधि में कोतवाली में चार बार प्रभारी निरीक्षक बदल चुके हैं, लेकिन चौकी प्रभारी का तबादला नहीं हुआ है, जिससे लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं और सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि चौकी क्षेत्र में अवैध गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। क्षेत्र में चिप्पड़, डोडा, चरस, अफीम, गांजा जैसे मादक पदार्थों का कारोबार और कच्ची शराब का धंधा खुलेआम चल रहा है। लोगों का कहना है कि इन अवैध धंधों से क्षेत्र का सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है और युवाओं पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि एक ही स्थान पर इतने लंबे समय तक किसी अधिकारी की तैनाती और उसी दौरान अवैध कारोबार का इस तरह बढ़ना कई सवाल खड़े करता है। लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि आखिर किसके संरक्षण में चौकी प्रभारी इतने लंबे समय से यहां तैनात हैं। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखी जा सके।

## हैदराबाद पुलिस ने शांति भंग के आरोपी को किया गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में थाना हैदराबाद पुलिस ने शांति भंग के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि हैदराबाद पुलिस टीम ने धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत मनोज कुमार पुत्र मेडीलाल, निवासी कस्बा व थाना नीमगांव को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय गोला खीरी के समक्ष पेश किया गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक खेमेन्द्र कुमार व कांस्टेबल प्रेमशंकर शामिल रहे।

# चन्द्रभानु गुप्त की 46वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी एवं भारत सेवा संस्थान के संस्थापक राजनीति के अमर पुरोधा व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय चन्द्रभानु गुप्त की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 11 मार्च, 2026 को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी जिसमें श्रद्धेय गुप्त को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रातः मोतीमहल स्थित श्रद्धेय गुप्त की समाधि स्थल पर हवन-पूजन एवं पुष्पांजलि के साथ बाल विद्या मन्दिर स्कूल एवं नेशनल इण्टर कालेज के बच्चों द्वारा भजन की सरिता बहायी गयी। कार्यक्रम के अन्त में बाल विद्या मन्दिर सी0से0 स्कूल की छात्र/छात्राओं जिन्होंने देश व प्रदेश स्तर पर आयोजित की गयी विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा कर उच्च स्थान प्राप्त किया उन्हें पुरस्कृत किया गया।

इसके अतिरिक्त नेशनल पी0जी0 कालेज व नवचेतना केन्द्र, बाल विद्या मन्दिर सी0से0 स्कूल एवं रवीन्द्रालय में गुप्त जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि का आयोजन किया गया।

इस समारोह में शहर के सामाजिक, राजनीतिक व शैक्षणिक क्षेत्र के ख्यातिलब्ध व्यक्तियों में अशोक बाजपेई पूर्व संसद सदस्य (राज्यसभा) एवं अध्यक्ष, भारत सेवा संस्थान, राजेश सिंह, महामंत्री मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी, डा0 जे0एन0 मिश्रा, महामंत्री भारत सेवा संस्थान, प्रताप सिंह जंगलिया संयुक्त मंत्री मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी, केशव प्रसाद (पूर्व आयकर आयुक्त), अजय शंकर राय (पूर्व आई0पी0एस0), शैलेश कुमार त्रिपाठी, डा0 गणेश चन्द्र मिश्रा, सुधीर हलवासिया, मनोज गुप्ता, सदस्य प्रशासन परिषद मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी, प्रो0 एस0पी0 सिंह (पूर्व कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय),फिदा हुसैन अन्सारी,देवेन्द्र प्रताप सिंह प्राचार्य नेशनल पीजी कालेज, डा0 आर0के0 पाण्डेय, प्रधानाचार्य, बाल विद्या मन्दिर स्कूल, मधुसूदन दीक्षित, डा0 सुधा बाजपेई तथा मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी एवं भारतं सेवा संस्थान द्वारा संचालित संस्थाओं के अधिकारी व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने की जनसुनवाई, 49 मामलों में कार्रवाई के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी( उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल सभागार में महिला जनसुनवाई कर महिलाओं से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई की।

इस दौरान उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, पारिवारिक कलह तथा अन्य प्रकार के महिला उत्पीड़न से जुड़े 49 नए मामलों पर विस्तार से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं ने आयोग सदस्य के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और पुलिस व पारिवारिक उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जानकारी दी। सुजीता कुमारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को समयबद्ध न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आयोग के समक्ष पहले से लंबित मामलों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, थानाध्यक्ष शिल्पी शुक्ला, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रश्मि चतुर्वेदी, संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अभिषेक-ईशान किशन की भारतीय जोड़ी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 1-2 स्थान पर

एजेंसी

दुबई। स्टार भारतीय लेफ्ट-हैंडर अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी पुरुष टी20 बैटिंग रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। यह पहली बार है जब किसी भारतीय बैटिंग जोड़ी ने इस फॉर्मेट में पहले-दो स्थान हासिल किये हैं। किशन की नजर टी20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय बनने पर भी है। बॉलिंग रैंकिंग में, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का टॉप पर राज खत्म हो गया, हालांकि वह 14 विकेट लेकर सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, लेकिन उन्होंने बहुत ज़्यादा रन दिए। जबकि पेसर जसप्रीत बुमराह, जो फाइनल में 15 रन देकर चार विकेट लेकर प्लेयर ऑफ़ द मैच बने थे, एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए, जबकि स्पिनर अक्षर पटेल और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 17वें और 46वें स्थान पर हैं। आईसीसी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। शर्मा के अभी 875 रेटिंग पॉइंट्स हैं, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ 21 गेंदों में 52 रन बनाने की वजह से वह अभी भी टेबल में टॉप पर हैं, जबकि किशन ने कीवी टीम के खिलाफ़ 25 गेंदों में 52 रन और सेमीफ़ाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ़ 18 गेंदों में 39 रन बनाकर इंग्लैंड के फिल साल्ट और पाकिस्तान के साहिबज़ादा फरहान को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान



हासिल किया है। दोनों के बीच सिर्फ़ चार पॉइंट्स का फ़र्क होने की वजह से, किशन (871 पॉइंट्स) के पास विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और शर्मा की बराबरी करने और इस फ़ॉर्मेट में टॉप पर पहुँचने वाले चौथे भारतीय बैट्समैन बनने का भी मौका है। सितंबर 2022 में, एक ही टीम के पिछले दो बैटर पहले दो पोजीशन पर पाकिस्तान के बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान थे। लेटेस्ट वीकली रैंकिंग अपडेट में न्यूज़ीलैंड के ओपनर टिम सीफ़र्ट भी चार पायदान ऊपर चढ़कर करियर के बेस्ट छठे पोजीशन पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ सेमीफ़ाइनल में 58 और इंडिया के खिलाफ़ फ़ाइनल में 52 रन बनाए थे। बड़े फ़ायदे पाने वाले दूसरे खिलाड़ियों में इंग्लैंड के जैकब बेथेल हैं, जिनकी सेमीफ़ाइनल में इंडिया के खिलाफ़ सेंचुरी ने उन्हें करियर के बेस्ट 16वें पोजीशन पर पहुँचा दिया है, और प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट संजू सैमसन, जिनकी वेस्ट इंडीज के खिलाफ़ नॉट आउट 97 रन की पारी और इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ 89 रन के एक जैसे स्कोर ने उन्हें 22वें स्थान पर पहुँचा दिया है।

# चल रहे सैन्य विवाद की वजह से अफगानिस्तान-श्रीलंका सीरीज स्थगित

एजेंसी



काबुल। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने मंगलवार को कन्फ़र्म किया कि उन्होंने मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य विवाद की वजह से श्रीलंका के ख़िलाफ़ अपनी आने वाली सीरीज, जो यूनाइटेड अरब अमीरात में होनी थी, स्थगित कर दी है। दोनों टीमों को 13 से 25 मार्च तक तीन वनडे और इतने ही टी20 खेलने थे। एसीबी के चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव नसीब खान ने मंगलवार को क्रिकबज़ को बताया, हाँ, श्रीलंका के ख़िलाफ़ व्हाइट-बॉल सीरीज स्थगित कर दी गई है। उन्होंने कहा, फ्लाइट्स, लॉजिस्टिक्स और इलाके की स्थिति को लेकर कुछ दिक्कतें थीं। हमने इन मैचों को श्रीलंका में कराने के लिए दूसरा ऑप्शन भी देखा और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के लगातार संपर्क में रहे। हालांकि, उस समय यूएई से श्रीलंका के लिए कोई फ़्लाइट उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कहा, इसके अलावा, इतने कम समय में प्रोडक्शन, होटल, ग्राउंड बुकिंग और सिक्योरिटी का इंतज़ाम करना काफ़ी मुश्किल था। इसलिए, हमने आखिरकार इसे टालने का फैसला किया। उन्होंने आगे कहा, यह (सीरीज़) इस साल के आखिरी क्वार्टर में खेली जाएगी इस टी20 सीरीज से उम्मीद थी कि यह सबसे छोटे फॉर्मेट में इब्राहिम जदरान की कप्तानी के दौर की शुरुआत होगी, क्योंकि उन्हें हाल ही में राशिद खान की जगह टी20 कप्तान बनाया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### खाड़ी क्षेत्र में संकट के कारण टी20 वर्ल्ड कप टीमों की वापसी में देरी: आईसीसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने वाली कुछ टीमों के खिलाड़ियों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ और उनके परिवारों की घर वापसी में देरी हो रही है। आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट में अपने अभियान समाप्त कर चुके सभी लोग जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों के कारण यह संभव नहीं हो पाया है। आईसीसी के अनुसार यह देरी खाड़ी क्षेत्र में जारी संकट के कारण हो रही है, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। कई देशों के हवाई क्षेत्र बंद हैं, मिसाइल चेतावनियां जारी की जा रही हैं और उड़ानों के मार्ग बदले जा रहे हैं। इसके अलावा कई कमर्शियल और चार्टर उड़ानों को अचानक रद्द या पुनर्निर्धारित करना पड़ा है। आईसीसी ने स्पष्ट किया कि ये परिस्थितियां उसके नियंत्रण से बाहर हैं, जिससे खिलाड़ियों की यात्रा व्यवस्था सामान्य से कहीं अधिक जटिल और समय लेने वाली हो गई है। आईसीसी ने बताया कि वह लगातार एयरलाइंस, चार्टर ऑपरेटर, एयरपोर्ट प्राधिकरण, ग्राउंड हैंडलर और विभिन्न देशों की सरकारी एजेंसियों के साथ संपर्क में है, ताकि सभी प्रभावित समूहों की सुरक्षित घर वापसी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जा सके। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के सदस्य आज रात से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होना शुरू करेंगे और अगले 36 घंटों के भीतर सभी के प्रस्थान की उम्मीद है। वहीं वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के नौ सदस्य पहले ही कैरेबियन के लिए रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 सदस्य अगले 24 घंटों के भीतर भारत से उड़ान भरेंगे। आगे की प्रस्थान व्यवस्था की पुष्टि होने पर आईसीसी अतिरिक्त जानकारी साझा करेगा। आईसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि इन फैसलों के पीछे केवल सुरक्षा, व्यवहारिकता और खिलाड़ियों के कल्याण को ध्यान में रखा गया है। मीडिया के कुछ मंचों पर सामने आ रही अन्य अटकलों को परिषद ने पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया। परिषद ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के लिए की गई यात्रा व्यवस्था का पहले इंग्लैंड क्रिकेट टीम या किसी अन्य देश की व्यवस्था से कोई संबंध नहीं है, क्योंकि सभी मामलों में परिस्थितियां, यात्रा मार्ग और उड़ान विकल्प अलग-अलग रहे हैं। आईसीसी ने दोहराया कि इस पूरे समय उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता खिलाड़ियों और उनके परिवारों की सुरक्षा और भलाई है। परिषद ने कहा कि जब तक यात्रा व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो जाती, तब तक किसी को भी रवाना नहीं किया जाएगा। आईसीसी ने खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन, क्रिकेट बोर्ड और सहयोगी साझेदारों को इस कठिन परिस्थिति में धैर्य और सहयोग बनाए रखने के लिए धन्यवाद भी दिया।

### 'कबड्डी के चाणक्य' रणधीर सिंह सेहरावत बने गुजरात जायंट्स के मुख्य कोच

**अहमदाबाद।** अदाणी स्पोर्ट्सलाइन ने आगामी प्रो कबड्डी लीग सत्र से पहले अनुभवी कोच रणधीर सिंह सेहरावत को गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच नियुक्त किया है। 'कबड्डी के चाणक्य' के नाम से प्रसिद्ध सेहरावत लीग के सबसे अनुभवी कोचों में गिने जाते हैं। वह वर्ष 2014 में शुरू हुई प्रो कबड्डी लीग से ही इससे जुड़े रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में टीमों ने एक बार खिताब जीता है और छह बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सेहरावत के पास कबड्डी का लंबा अनुभव है। उन्होंने भारतीय रेल कबड्डी टीम के कोच के रूप में पुरुष और महिला दोनों टीमों को कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब दिलाए हैं। खिलाड़ी के रूप में भी सेहरावत का करियर शानदार रहा है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिनमें एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप 1988, दक्षिण एशियाई खेल 1989 और एशियाई खेल 1990 शामिल हैं। 1990 के एशियाई खेलों में वह उपकप्तान के रूप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। अपनी नियुक्ति पर रणधीर सिंह सेहरावत ने कहा कि वह एक बार फिर प्रो कबड्डी लीग में वापसी कर बेहद खुश हैं और इस अवसर के लिए अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात जायंट्स के पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और वह टीम के साथ मिलकर खिताब जीतने के लक्ष्य की ओर काम करेंगे। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी संजय अडेसरा ने कहा कि रणधीर सिंह सेहरावत जैसे अनुभवी कोच का टीम से जुड़ना गुजरात जायंट्स के लिए बड़ी उपलब्धि है। उनका अनुभव और खेल की गहरी समझ टीम को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। सेहरावत की नियुक्ति के साथ ही अदाणी स्पोर्ट्सलाइन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह आगामी प्रो कबड्डी लीग सत्र के लिए गुजरात जायंट्स को एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम के रूप में तैयार करने पर ध्यान दे रहा है।

### बल्लेबाजी की खामियों को दूर करने के लिए बाबर पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था। अब यह बात सामने आई है कि वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं। ये कोच कौन हैं इस बारे में कोई जानकारी नहीं है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक करीबी सूत्र ने कहा कि बाबर और टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने के बजाय अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों पर काम करना चाहिए।

### दक्षिण अफ्रीका के चार तथा वेस्टइंडीज के नौ सदस्य स्वदेश रवानाः आईसीसी

दुबई 11 मार्च (वार्ता) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बुधवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के चार खिलाडी और परिवार के पांच सदस्य तथा वेस्टइंडीज दल के नौ सदस्य अपने-अपने देशों के लिए प्रस्थान हो चुके है। आईसीसी की ओर से आज अपराह्न दी गई ताजा अपडेट में खिलाड़ियों के रवाना होने की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के चार खिलाड़ी और उनके परिवार के पांच सदस्य फ्लाइट पकड़ चुके हैं और घर जा रहे हैं, उनके बाकी सभी 29 सदस्य अगले 24 घंटों में निकलने वाले हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के दल में से, नौ सदस्य स्वदेश रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 अगले 12 घंटों में भारत से जाने वाली उड़ानों में बुक हैं। उन्होंने कहा कि हम इन अचानक आई यात्रा में रुकावटों की वजह से रहने की जगह समेत सभी एक्स्ट्रा लॉजिस्टिक्स मैनेज कर रहे हैं और आईसीसी फिर से दोनों सदस्यों, उनके खिलाड़ियों, परिवारों और स्टाफ को उनके सब्र के लिए धन्यवाद देता है।

# इंडियन वेल्स में आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराया, क्वार्टरफाइनल में प्रवेश

एजेंसी

इंडियन वेल्स। विश्व की नंबर एक बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने ग्रैंड स्लैम विजेताओं की टक्कर में शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को जापान की नाओमी ओसाका को 6-2, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब सबालेंका क्वार्टरफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा और विक्टोरिया मबोको के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

सबालेंका ने पूरे मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाते हुए 31 विनर और आठ ऐस लगाए। उन्होंने पहले सेट में दो बार ओसाका की सर्विस तोड़ते हुए आसानी से सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में ओसाका ने लय पकड़ने की कोशिश की, लेकिन सबालेंका की मजबूत सर्विस को भेदने में वह नाकाम रहीं। सबालेंका




ने दूसरे सेट में मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए और 4-3 की बढ़त बनाने के लिए शानदार फोरहैंड विनर लगाए। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह सिर्फ दूसरा मुकाबला था। इससे पहले 2018 में खेले गए मैच में ओसाका ने जीत हासिल की थी और उसी वर्ष उन्होंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। सबालेंका ने मैच के बाद कहा कि उन्होंने कोर्ट पर विविधता लाते हुए लगातार दबाव बनाए रखा, जिससे अहम मौकों पर ओसाका भ्रमित नजर आईं। इस बीच ऑस्ट्रेलिया की क्वालीफायर तालिया गिब्सन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी को 7-5, 2-6, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। 21 वर्षीय गिब्सन ने मैच में कुल 42 विनर लगाए और अपने करियर में पहली बार किसी शीर्ष-10 खिलाड़ी को हराया। पहले सेट में उन्होंने आखिरी क्षणों में ब्रेक हासिल कर बढ़त बनाई। दूसरे सेट में पाओलिनी ने 3-0 की बढ़त के साथ वापसी की, लेकिन निर्णायक सेट में गिब्सन ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। विश्व रैंकिंग में 112वें स्थान पर काबिज गिब्सन ने मैच के बाद कहा कि वह इस जीत से बेहद भावुक हैं और खुद भी अपने प्रदर्शन से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि उनका आक्रामक खेल उन्हें लगातार मौके बनाने में मदद करता है और इंडियन वेल्स में वह उसी रणनीति के साथ आगे बढ़ रही हैं। अब क्वार्टरफाइनल में गिब्सन का सामना लिंडा नोस्कोवा और अलेक्जेंड्रा ईला के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा।

### फाइनलिस्ट आरसीबी, पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 की शुरुआत अलग-अलग करेंगे

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 19 के ओपनर में 2025 एडिशन के डिफेंडिंग चैंपियन और रनर-अप शामिल नहीं होंगे। फाइनलिस्ट रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) सीजन के पहले दो दिन अलग-अलग खेल रहे हैं। ट्रेडिशनली, लीग टूर्नामेंट की हाई-प्रोफाइल शुरुआत पसंद करती है, जिसमें अक्सर डिफेंडिंग चैंपियन शामिल होते हैं। इस साल, पहला मैच चैंपियन आरसीबी और हमेशा पॉपुलर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच हो सकता है। ब्रांड फाइनेंस और डफ एंड फ़ेल्प्स के मुताबिक, सीएसके, आरसीबी, मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स को लीग की टॉप चार बड़ी टीमों में माना जाता है। माना जा रहा है कि रनर-अप पंजाब किंग्स अपना पहला मैच 29 मार्च को अपने होम ग्राउंड मुल्लांपुर में गुजरात टाइटन्स से खेलेगी। जैसा कि अब सब जानते हैं।

# आजादी से पहले गठित उर्वरक कंपनी एफएसीटी को जल्द मिल सकता है 'मिनी रत्न' का दर्ज़ा

एजेंसी

कोच्चि (केरल)। आजादी से पहले गठित देश की प्रमुख उर्वरक आपूर्तिकर्ता कंपनी उर्वरक और रसायन त्रावणकोर (एफएसीटी) को जल्द 'मिनी रत्न' का दर्ज़ा मिल सकता है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि 66 साल पहले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी (सीपीएसयू) बनी एफएसीटी को 'मिनी रत्न' का दर्ज़ा मिलने में सिर्फ 'प्रक्रियात्मक जरूरतें' बाकी रह गई हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने 'मिनी रत्न' के लगभग सभी आवश्यक मानदंडों को पूरा कर लिया है और वह इस दर्जे को हासिल करने से ज्यादा दूर नहीं है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कंपनी के वित्तीय पुनर्गठन (फाइनेंशियल रिस्ट्रक्चरिंग) का काम भी प्रगति पर है, जिसके पूरा होते ही से उसे यह दर्ज़ा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। कंपनी के निदेशक (विपणन) अनुपम मिश्रा ने कहा कि अपनी यात्रा में कई उतार-चढ़ाव के बाद कंपनी अब मिनी रत्न का दर्ज़ा पाने की हकदार है क्योंकि देश उर्वरक सहित हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और एफएसीटी के पास अपनी भूमिका निभाने के लिए सब कुछ है। वह मध्यप्रदेश से केरल के दौरे पर आए पत्रकारों के एक समूह से बातचीत कर रहे थे, जिसका आयोजन पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की भोपाल इकाई द्वारा किया गया था। मिश्रा ने कहा, ''कई साल तक कंपनी की स्थिति अच्छी नहीं थी। वर्ष 2018-19 के दौरान हमारा कारोबार लगभग 1,800 से 1,900 करोड़ रुपये था। आज हम 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली कंपनी बन चुके हैं। उन्होंने कहा, ''हमने कई वर्षों के बाद लगातार तीसरे साल सरकार को लाभांश दिया है। सात साल से हम मुनाफ़े में हैं और पांच साल से हमारा 'नेटवर्थ' सकारात्मक है। साल 2020 से एफएसीटी में अपने पद पर कार्यरत मिश्रा ने कहा कि यही कारण है कि कंपनी 'मिनी रत्न' का दर्ज़ा पाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''हमने सभी मानदंडों को करीब-करीब पूरा कर लिया है। कुछ प्रक्रियात्मक चीजें हैं जो चल रही हैं। वित्तीय पुनर्गठन के बाद संभवतः यह दर्ज़ा मिल जाएगा। बाद में में बातचीत में उन्होंने कहा, ''वित्तीय पुनर्गठन का काम प्रगति पर है, जिससे मिनी रत्न का दर्ज़ा मिलने का मार्ग स्वतः ही प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि एक बार जब कंपनी को मिनी रत्न का दर्ज़ा मिल जाता है तो उसे कार्यात्मक स्वायत्तता मिलेगी, जो कंपनी को और ऊंचाइयों पर ले जाने में मददगार होगी।

### सेल ने पहले 11 महीने की बिक्री का बनाया नया रिकॉर्ड

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में बिक्री का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल-फरवरी के दौरान उसने 1.82 करोड़ टन इस्पात की बिक्री की जो किसी भी वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में सबसे अधिक है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 14 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान उसका नकद संग्रह 1.11 लाख करोड़ रहा जो एक नया कीर्तिमान और सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि है। इस दौरान खुदरा बिक्री, स्टॉकयार्ड बिक्री और घर तक डिलीवरी में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। सेल ने फरवरी महीने में 15.8 लाख टन इस्पात की बिक्री की। इस साल जनवरी के मुकाबले फरवरी में इन्वेंट्री में 1.05 लाख टन की कमी दर्ज की गयी। अच्छे नकद संग्रह के दम पर कंपनी ने अपना कर्ज एक हजार करोड़ रुपये कम करने में सफलता पायी है।

# सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों की कमाई नकदी प्रवाह पर दबाव की आशंका: मूडीज

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बुधवार को कहा कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेजी का बोझ खुद वहन करने के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) की कमाई और नकदी प्रवाह में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है।

मूडीज रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि अप्रैल, 2022 से पेट्रोल एवं डीजल के खुदरा दाम लगभग स्थिर बने हुए हैं, जबकि इस दौरान वैश्विक तेल एवं गैस कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव आया है। एजेंसी के मुताबिक, सरकार के प्रभाव के कारण खुदरा ईंधन कीमतों में बढ़ी हुई लागत को समय पर उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाया जा सकता। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में वृद्धि होने पर कंपनियों को अधिक लागत का बोझ खुद ही उठाना पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के करीब 90 प्रतिशत पेट्रोल पंप इन तीन कंपनियों के ही नियंत्रण में हैं, जिससे ईंधन कीमतों को स्थिर रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड नौ मार्च को बढ़कर 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। हालांकि, अगले ही दिन यह बड़ी गिरावट के साथ 90 डॉलर प्रति बैरल से थोड़ा नीचे आ गया। इसके बावजूद पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। मूडीज ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ती हैं तो कच्चे तेल की खरीद और रिफाइनिंग लागत बढ़ जाती है, जबकि पेट्रोल और डीजल की बिक्री कीमत उसी अनुपात में नहीं बढ़ती। इससे विपणन मार्जिन कम होता है और परिचालन नकदी प्रवाह कमजोर पड़ सकता है।

# मलेशिया एयरलाइंस की भारतीय यात्रियों के लिए विशेष किराये की पेशकश



नयी दिल्ली। मलेशिया एयरलाइंस ने भारत के यात्रियों के लिए विशेष किराये का घोषणा की है। एयरलाइंस की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि ऑफर के तहत 10 मार्च से 23 मार्च तक बुकिंग करायी जा सकती है। यह बुकिंग 18 दिसंबर 2026 तक की यात्रा के लिए होगी। ऑफर के तहत इकोनॉमी क्लास का रिटर्न किराया 20,599 रुपये से शुरू होगा। यात्री मलेशिया एयरलाइंस के नेटवर्क पर कुआलालंपुर, सिंगापुर, ऑकलैंड, सिडनी और अन्य गंतव्यों के लिए टिकट बुक करा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच उस क्षेत्र के अलावा यूरोप और अमेरिका जाने से भी लोग बच रहे हैं। इसे देखते हुए विमान सेवा कंपनियां पूर्व की ओर यात्रा के लिए ऑफर देकर यात्रियों का आकर्षित करने का प्रयास कर रही हैं।

# सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 670 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 720 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,62,390 रुपये से लेकर 1,62,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,48,860 रुपये से लेकर



1,49,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,90,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,62,540 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,49,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,62,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,62,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,62,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,48,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कानपुर विकास प्राधिकरण ने 11 बीघे में विकसित अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने बुधवार को बिना अनुमति विकसित की जा रही अवैध कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 11 बीघे में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल और सचिव अभय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में प्रवर्तन जोन- वन बी की टीम ने की।

विशेष कार्याधिकारी एवं उपजिलाधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने ग्राम चिरान और ग्राम कटरी ख्यौरा में चल रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान दो जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध रूप से बनाई गई सड़कों, नालों, बाउंड्रीवाल, बिजली के खंभों, पिलरों, एंट्री गेट और अन्य निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण के अनुसार, ग्राम चिरान में राघव, सुमेर व अन्य लोगों ने लगभग छह बीघा भूमि पर और ग्राम कटरी ख्यौरा में बलराम सिंह चौहान के अलावा अन्य लोगों ने लगभग पांच बीघा भूमि पर बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। दोनों स्थानों पर मिलाकर करीब 11 बीघा क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माणों को केडीए ने ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता हिमांशु बर्नवाल, सुपरवाइजर राम औतार, मनोज कुमार, राज कुमार और लाल सिंह सहित थाना बिठूर की पुलिस टीम भी मौजूद रही। अफसरों ने बताया कि बिना अनुमति जमीन की प्लाटिंग कर भोले-भाले लोगों को धोखा देकर प्लाट बेचे जा रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की प्लाटिंग करने से पहले कानपुर विकास प्राधिकरण से अनुमति और स्वीकृति लेना अनिवार्य है। उन्होंने लोगों से अपील की, कि केवल केडीए से स्वीकृत कॉलोनियों में ही प्लाट खरीदें, नक्शा और ले-आउट की जांच अवश्य करें। जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से जानकारी प्राप्त कर लें। केडीए ने चेतावनी दी कि भविष्य में भी अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## जौनपुर के शुभम ईरान में फंसे, फोन पर परिवार को बताया– मिसाइलों के हमलों से नष्ट हो रहे शहर

जौनपुर। ईरान इजराइल में हो रहे युद्ध के बीच कई भारतीय अलग अलग खाड़ी देशों में फंसे हुए है। इन लोगों के परिवारीजन भारत सरकार से वतन वापसी की गुहार लगा रहे हैं। इनमें जौनपुर के रामदासपुर नेवादा निवासी शुभम जायसवाल भी हैं। इनके साथ उनकी कंपनी के 40 से अधिक अन्य भारतीय भी हैं। यूपी के जौनपुर जिले के लाइन बाजार क्षेत्र के रामदासपुर नेवादा निवासी शुभम जायसवाल ईरान के अर्दकन शहर में स्टील कंपनी में लैब टेक्नीशियन के पद पर हैं। बुधवार को हिंदुस्थान समाचार प्रतिनिधि से बात करते हुए शुभम के बड़े भाई मोहित जायसवाल ने बताया कि छोटा भाई शुभम चार वर्ष पूर्व नौकरी के लिए ईरान गया था, अभी पिछले साल फरवरी 2025 में घर आया था। लेकिन कुछ ही दिनों में फिर से वापस चला गया। मोहित ने बताया कि शुभम जल्द ही भारत लौटने की तैयारी में था और फ्लाइट की टिकट भी कन्फर्म हो गयी थी लेकिन इसी बीच इजरायल ने ईरान पर हमला कर दिया। तब से वह वहीं फंसा हुआ है। मोहित ने बताया कि वहां शुभम के साथ 40 से ज्यादा भारतीय फंसे है जो उसी स्टील कंपनी में कार्य करते हैं। मोहित जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को भी शुभम से बातचीत हुई है लेकिन वहां का मंजर बहुत भयावह है,शुभम ने बातचीत में अपने परिवार से बताया कि एक - एक कर सभी शहर नष्ट होते जा रहे हैं। हमारी आंखों के सामने से मिसाइल निकलती है। शुभम ने ईरान में भारतीय दूतावास से सम्पर्क किया है । ईरान में फंसे शुभम के भाई मोहित ने भारत सरकार से अपील की है कि मेरे भाई के साथ ईरान में फंसे सभी भारतीयों को सुरक्षित वतन वापसी कराई जाए।

# पनकी डंपिंग यार्ड की जहरीली गैस से जनता को दिलाएंगे निजात : सुरेंद्र मैथानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर के पनकी डंपिंग यार्ड से निकल रही जहरीली गैस और लगातार सुलग रही आग से क्षेत्र की जनता का स्वास्थ्य गंभीर खतरे में है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस व्यवस्था की जाएगी और जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से भी बजट दिलवाया जाएगा। यह बातें बुधवार को गोविंद नगर के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहीं। गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने आज पनकी स्थित 'ए-टू-जेड' कूड़ा डंप स्थल का औचक दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। डंपिंग यार्ड में कई स्थानों पर कूड़े के ढेर में सुलगती आग और उससे निकल रही जहरीली गैस को देखकर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने मौके से ही नगर आयुक्त से फोन पर बात करते हुए कहा कि केवल कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा, बल्कि धरातल पर प्रभावी परिणाम दिखने चाहिए। इस दौरान विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डंपिंग यार्ड की बाउंड्री के चारों ओर छह बड़े ट्यूबवेल लगाए जाएं और पूरे परिसर में फायर ब्रिगेड की तर्ज पर पाइपलाइन बिछाई जाए। इन पाइपलाइनों को ट्यूबवेल से जोड़ा जाएगा, ताकि मीथेन गैस के कारण लगने वाली आग को तुरंत पानी की बौछारों से नियंत्रित किया जा सके। विधायक मैथानी ने कहा कि डंपिंग यार्ड से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण पनकी क्षेत्र के लाखों लोगों के साथ ही जमुई, बधुआपुर और सरायमीता गांवों के करीब 50 हजार से अधिक लोग प्रभावित हो रहे हैं। इससे बुजुर्गों, बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, जिसे अब खत्म करना जरूरी है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर पूरे प्रोजेक्ट की विस्तृत रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यदि नगर निगम के पास बजट की कमी है तो वह स्वयं नगर विकास मंत्री और जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष बजट स्वीकृत कराएंगे। इस दौरान नगर निगम के अधिशासी अभियंता कमलेश पटेल, अवर अभियंता दिनेश कुमार, मनीष बाजपेयी, पार्षद आरती त्रिपाठी, जीतू बाजपेयी, अरविंद गुप्ता, सौरभ, पवन सविता, सुरेंद्र मिश्रा, अनिल तिवारी, पुष्पेंद्र शुक्ला, आदर्श तिवारी, विवेक ठाकुर, सियाराम पाल और आलोक तिवारी सहित अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# मणिकर्णिका तीर्थ पर चला स्वच्छता अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। सदियों से गंगा हमें जीवन, समृद्धि और आध्यात्मिक शक्ति देती आई है। इस संदेश के साथ गंगा किनारे मणिकर्णिका तीर्थ पर फैली गंदगी को नमामि गंगे के स्वयंसेवकों ने बुधवार को श्रमदान कर हटाया । स्वास्थ्य की रक्षा स्वच्छता से ही संभव है का आह्वान करते हुए शीतलाष्टमी पर्व पर काशी के महातीर्थ पर स्वच्छता अभियान के तहत गंगा किनारे जगह-जगह पड़े कूड़े-कचरे को समेटकर नगर निगम कर्मचारियों तक पहुंचाया गया । घाट पर श्रमदान के बाद वहां मौजूद आम लोगों को गंगा और घाटों को स्वच्छ रखने की अपील की गई । इस दौरान नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगाजल करोड़ों को रोजी-रोटी देता है । हमारी पेय जल, सिंचाई, धार्मिक, पर्यटन, तीर्थाटन व अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। गंगाजल हमारे जीवन से लेकर मृत्यु तक के समग्र ताने-बाने का केंद्र है। गंगा तट पर गंदगी न हो इसके लिए हमें सामूहिक रूप से भागीदारी निभानी होगी। आइए मिलकर यह प्रण लें कि गंगा किनारे गंदगी नहीं करेंगे, दूसरों को भी जागरूक करेंगे और इस पवित्र धारा का सम्मान करेंगे। गंगा की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, आज के लिए भी और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय की टूटी छत, चार महिला कर्मचारियों की बची जान

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद में बाल विकास परियोजना बड़ौत का कार्यालय जर्जर भवन में चल रहा है। बुधवार को छत के नीचे खाना खा रही चार महिलाओं के ऊपर छत टूट गई। गनीमत रही कि महिलाओं को चोट नहीं आई है लेकिन महिलाओं ने जर्जर भवन में काम करने से इनकार कर दिया है। बागपत जनपद का बाल विकास परियोजना कार्यालय बड़ौत जर्जर भवन में चल रहा है,जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बुधवार को यहां काम कर रही चार महिला कर्मचारियों की जान पर बन गई। मुख्य सेविका सरिता ने बताया कि दोपहर 1:15 बजे के करीब वह खाना खा रही थी, अचानक भवन की छत टूटकर गिर गई जिसमें वह मामूली रूप से चोटिल हो गई । गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ लेकिन हादसे से वह इतना घबरा गई है कि उन्होंने कार्यालय में काम करने से इनकार कर दिया है। बाल विकास परियोजना की मुख्य सेविका तनुजा का कहना है कि वह जर्जर भवन की शिकायत मौखिक रूप से अपनी सीडीपीओ अलका मैडम को दे चुकी हैं लेकिन आज तक उसपर कोई सुनवाई नहीं हुई है। आज यह हादसा हमारी जान ले सकता था अगर पत्थर सर पर पड़ जाता तो ज्यादा चोट लगती। तनुजा का कहना है कि अब वह इस कार्यालय में काम नहीं करेंगी। अपनी जान सबको प्यारी होती है। उन्होंने सुरक्षित स्थान पर कार्यालय स्थानांतरण करने की मांग उठाई है।


संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# वाराणसी : काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए लगा जर्मन हैंगर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर न्यास गंभीर है। मंदिर न्यास ने गर्मी का प्रभाव निरंतर बढ़ने के कारण श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से धाम में जर्मन हैंगर की व्यवस्था की गई है, ताकि दर्शन के लिए प्रतीक्षा कर रहे श्रद्धालुओं को धूप और गर्मी से किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस व्यवस्था के माध्यम से श्रद्धालु बिना किसी कष्ट के भगवान श्री विश्वेश्वर का शांतिपूर्वक दर्शन कर सकेंगे। ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ के साथ ही श्रद्धालुओं की संख्या तथा कतार की लंबाई बढ़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है। मंदिर के सीईओ डॉ विश्वभूषण मिश्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धाम में विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया गया है कि कतार में खड़े श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। यदि श्रद्धालुओं के साथ छोटे बच्चे या बुजुर्ग भी हों, तो उन्हें भी आरामपूर्वक प्रतीक्षा करने और दर्शन करने में कोई कठिनाई न हो। इसी उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। बताया गया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षित दर्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# जल जीवन मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रहा स्वच्छ पेयजल : गुड़िया कठेरिया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

औरैया। उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया के विकास खंड सदर की ग्राम पंचायत जलोखर एवं भडारीपुर में जल अपर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गुड़िया कठेरिया रहीं। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) इंजी अमन यादव, पवन कुमार सहायक अभियंता एवं पंकज कुमार,सहायक अभियंता रविकांत जूनियर इंजीनियर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा फर्म के प्रतिनिधि अशोक गुर्जर, देवेंद्र सिंह, टीपीआई एवं डीपीएमयू टीम, एफटीके महिलाएं, ग्राम प्रधान, विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि जलोखर पेयजल योजना के अंतर्गत 445 क्रियाशील गृह संयोजन तथा भडारीपुर पेयजल योजना के अंतर्गत 407 क्रियाशील गृह संयोजन किए जा चुके हैं। इन योजनाओं के माध्यम से गांव में सुबह और शाम क्लोरीनयुक्त स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पानी उपलब्ध हो रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जल संरक्षण तथा स्वच्छ पेयजल के महत्व पर भी प्रकाश डाला और ग्रामीणों से जल का सदुपयोग करने की अपील की।

# आईआरसीटीसी की भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से दक्षिण भारत यात्रा का मौका

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) गोरखपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन द्वारा तिरुपति बालाजी मंदिर, रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम), मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी दर्शन, मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, यात्रा का संचालन किया जा रहा है। जिसके यात्रा की तिथि 11 अप्रैल से 22 अप्रैल तक है। यह जानकारी वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने दी। उन्होंने बताया कि आईआरसीटी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत कुमार सिन्हा के मुताबिक इस यात्रा के मुख्य आर्कषण तिरुपति बालाजी मंदिर (तिरुपति), रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम), मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), स्थानीय दर्शन (कन्याकुमारी), मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग (मरकापुर) हैं। इसमें श्रेणी अनुसार कुल बर्थो की संख्या 751 है। जिसमें 2 एसी (49 सीटें), 3 एसी (210 सीटें) एवं स्लीपर (492 सीटें) हैं। उतरने चढ़ने के स्टेशन गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी व ललितपुर है। इस पैकेज में 2 एसी, 3 एसी एवं स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी-नॉन एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इकोनामी श्रेणी (स्लीपर क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 24,790 रुपए प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) के पैकेज का मूल्य 23,400 है। स्टैंडर्ड श्रेणी (3 एसी) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 42,530 रुपए प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 40,900 है। कम्फर्ट श्रेणी (2 एसी) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 56,710 रुपए प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 54,750 है। इसके अलावा होटलों में ठहरने एवं वॉश एंड चेंज एवं एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था है।

इस यात्रा सेवा में एलटीसी एवं ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध है। ईएमआई की सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध सरकारी एवं गैर सरकारी बैंक से ली जा सकती है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी। उक्त यात्रा की बुकिंग हेतु पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.comसे आनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी व बुकिंग के लिये 9236391908, 9305110962, 8287930908, 9415042930, 8287930913, 9236391925 मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# उप्र के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने की मां शीतला की पूजा –अर्चना



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

## प्रदेश की खुशहाली की कामना की

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के चुनार क्षेत्र के अदलपुरा स्थित प्राचीन बड़ी शीतला माता मंदिर में बुधवार की सुबह भक्ति और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सुबह-सुबह मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से मां शीतला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में पहुंचते ही उन्होंने पहले माता रानी के चरणों में मत्था टेका और पूजा-अर्चना की। पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा कराई। इस दौरान मंत्री ने प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि, शांति तथा जनकल्याण की कामना की। लोगों ने उनका स्वागत किया और कई श्रद्धालुओं ने उनके साथ मंदिर परिसर में दर्शन-पूजन भी किया। मंत्री ने भी श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि मीरजापुर की धरती आस्था और अध्यात्म की पावन भूमि है। यहां स्थित मां शीतला का यह प्राचीन धाम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन करने आते हैं। मंदिर दर्शन के बाद मंत्री ने वहां मौजूद लोगों से मुलाकात की और क्षेत्र के विकास तथा जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री के मंदिर आगमन को लेकर प्रशासन भी अलर्ट रहा। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे दर्शन-पूजन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मंत्री के दर्शन-पूजन के बाद मंदिर परिसर में एक बार फिर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा।